

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21



5 आरसीबी के टिम डेविड और हार्दिक पर लगा जुर्माना | सम्पादकीय डिजिटल युग में हिंदी: चुनौतियाँ... | शांति वार्ता विफल होने के बाद पाकिस्तान का शेयर बाजार... 5



वर्ष 14 अंक 45 | E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है : पीएम मोदी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महिला आरक्षण बिल पर कहा, 'हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है। इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है।'

उन्होंने कहा, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।'

पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लेकर हाजिर है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व योजना, जन्म के बाद सुकन्या समृद्धि योजना, सही समय पर टीके लगें इसके लिए मिशन इंद्र धनुष शुरू किया।'

स्कूल में शौचालय की परेशानी न हो स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त सेनेटरी पैड, खेलों में सालाना 1 लाख की मदद, भविष्य में सेना में जाना चाहे तो सरकार ने सैनिक स्कूल के दरवाजे खोले।

जीवन के आगे के पड़ाव में रसोई में धुएं की परेशानी से बचाने उज्जवला योजना, पानी के लिए हर घर नल, 5 लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना। इन सबका सबसे ज्यादा लाभ हमारी बहनों और बेटियों को हो रहा है।

3 करोड़ से ज्यादा महिलाएं अपने घर की मालिक बनी हैं। आम तौर पर पिता और बेटा व्यापार की बात करते हैं न और मां आ जाए तो कहते हैं तुम जाओ। अब जब वो आर्थिक सशक्त हो गई हैं तो बेटा भी कहता है कि मां को बुलाइए न। उन्होंने कहा कि मैं गृहस्थ नहीं हूं, लेकिन जानता सब हूं।

'भारत की सभी महिलाओं को एक नए युग के आगमन की बधाई भी देता हूं। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा है।'

'महिला आरक्षण बिल पर विमर्श को करीब चालीस साल बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को अपने अपने ढंग से आगे बढ़ाया है

## महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसे में 11 की मौत

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10:45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घायलों को उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। अब तक 6 मृतकों की पहचान हो चुकी है, बाकी की पहचान जारी है। कल्याण से मुरबाड के बीच चलती थी वैन वैन रोजाना की तरह आज सुबह भी पैसेंजर्स को लेकर कल्याण से मुरबाड जा रही थी। वैन में ड्राइवर समेत 12-13 लोग सवार थे। इसी दौरान रैता ब्रिज पर सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर से टक्कर हो गई। राहगीरों ने बताया कि दोनों गाड़ियां स्पीड में थीं।टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इनमें से 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। अन्य दो घायलों की हालत भी गंभीर है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल एसआईआर पर सवाल उठाए

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट सोमवार को स्धक्रपर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग से पूछा कि अगर चुनाव नतीजों में विनिंग मार्जिन 2% और 15% लोग वोट न कर पाएं तब क्या होगा।

कोर्ट ने यह भी कहा कि वोटर अधिकारियों के बीच पिस रहा है। यह कोई एक-दूसरे पर दोष मढ़ने का खेल नहीं है।

कोर्ट ने यह कमेंट तब किया जब चुनाव आयोग ने तर्क दिया कि चुनाव निकाय के नोटिस पर फैसले करने वालेट्रिब्यूनल ने 47% मामलों को खारिज कर दिया था।

जस्टिस बागची ने कहा- यह राज्य और चुनाव आयोग के बीच की लड़ाई नहीं है। यह वोटर्स के दो संवैधानिक प्राधिकरणों के बीच फंसे होने का मामला है। अदालतों ने केवल चुनावों को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप किया है, न कि उन्हें रोकने के लिए।

चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को बंगाल के लिए एसआईआर की सूची जारी की थी। इसके बाद 91 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे।

**बंगाल में 11.85% नाम हटे, ज्यादातर बांग्लादेश बॉर्डर के पास**

पश्चिम बंगाल में अक्टूबर 2025 में कुल वोटर 7.66 करोड़ थे। इनमें से अब तक 90.83 लाख नाम हटाए गए। लगभग 11.85% वोटर कम हो गए। यानी अब राज्य में 6.76 करोड़ वोटर हैं।

चुनाव आयोग ने फाइनल आंकड़े जारी नहीं किए हैं। इसके अलावा जांच के तहत आए 60.06 लाख वोटरों में से 27.16 लाख के नाम हटाए गए। बांग्लादेश सीमा से लगे जिलों में भी बड़े स्तर पर नाम हटे। नॉर्थ 24 परगना में 5.91 लाख में से 3.25 लाख नाम हटे। वहीं, 8.28 लाख में से 2.39 लाख नाम हटे।

## गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब 1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। फरार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। बाद में इसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक श्रद्धालु ने बताया- राजकोट के दत्ता गांव से ठाकर के दर्शन करने के बाद हम लोग राजबाई मानी का झंडा फहराने के लिए विरामगाम जा रहे थे। सभी लोग सड़क किनारे चल रहे थे। तभी लखतर-विरामगाम हाईवे पर फुल स्पीड में आ रहे एक ट्रक ने पीछे श्रद्धालुओं को कुचल दिया।



## नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है : ट्रम्प

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी लागू करने जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से ईरान के बंदरगाहों की ओर आने-जाने वाले जहाजों को रोका जाएगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रम्प के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं।

नाकेबंदी के ऐलान के बाद वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल आया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 104 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है।

इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा।

ईरान और सऊदी के विदेश मंत्री ने फोन पर बात की

ईरान और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों ने फोन पर बात की। इस बातचीत में शांति की कोशिशों पर चर्चा हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देशों ने क्षेत्र में स्थिरता और तनाव कम करने की जरूरत पर जोर दिया।

## नोएडा में हिंसक प्रदर्शन : 50 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** नोएडा में सोमवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों कर्मचारी हाथ में डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए।

कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में 50 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की। 150 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ और करीब 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां भी पलट दी।हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं।

कई कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। खास बात है कि इस प्रदर्शन का कोई चेहरा या लीडर नहीं था। 18 से 30 साल के युवा हिंसक प्रदर्शन कर रहे थे।

उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। सीएम ने कहा, औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ में है।

कहां और कैसे भड़की हिंसा-आगजनी? सबसे पहले फेज-2 इलाके में हालात खराब हुए। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। पथराव कर दिया। फेज-2 के बाद धीरे-धीरे प्रदर्शन नोएडा के करीब 10 इंडस्ट्रियल इलाकों और आसपास के जिलों में फैल गया।

कर्मचारियों ने नोएडा सेक्टर-57 में 30 से ज्यादा फैक्ट्रियों और दफ्तरों में तोड़फोड़ की। सेक्टर- 40 और 60 में कंपनियों का घेराव किया। सेक्टर 85 में डिक्सन कंपनी का गेट तोड़ दिया। सेक्टर 1, 15, 62 और ष्ठह्रष्ठ फ्लाइओवर के पास सड़क जाम कर दी।

## दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय बंगाल की जनता ने ले लिया है : अमित शाह

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गृहमंत्री अमित शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में पांच मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। मैं पूरे बंगाल में घूमता हुआ बीरभूम आया हूं। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय बंगाल की जनता ने ले लिया है। शाह ने कहा कि इस बार बीरभूम को एक रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सभी 11 सीटें भाजपा को दें और राज्य में भाजपा सरकार बनाएं।

**गृहमंत्री ने टीएमसी पर साधा निशाना**

ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी और भय का जवाब भरोसे से देगी। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बैलेट मशीन पर कमल का निशान दबाइए, ममता के सारे गुंडों को ढूंढने का काम भाजपा की सरकार करेगी। गृहमंत्री ने कटमनी और सिंडिकेट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जनता इससे बहुत परेशान है। अगर किसी गरीब को घर बनाने के लिए ईंट या सीमेंट लाना है, तो ममता के सिंडिकेट वाले पैसे मांगते हैं। शाह ने वादा किया कि आप ममता को यहां से निकाल दो, कटमनी और सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा की सरकार करेगी।

## पंचतत्व में विलीन हुईं गायकार आशा भोसले

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर...' गाकर विदाई दी।

सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी

'साल 1986 से उनके साथ मेरी बहुत सी यादें जुड़ी हैं। वे मुझे अपने शोज में ले जाया करती थीं। एक गायक से बढ़कर उन्होंने मुझे अपने बच्चे की तरह प्यार दिया। वे हमेशा 'रियाज' पर बहुत जोर देती थीं। जिंदगी में इतने उतार-चढ़ाव देखने के बाद भी वे हमेशा सकारात्मक रहीं। उनकी आत्मा को शांति मिले... उनके गाने हजारों सालों तक अमर रहेंगे। वैसे तो कई गायक आएंगे, लेकिन आशा जी की जगह लेना नामुमकिन होगा।

आशा भोसले के अंतिम संस्कार



दी गई।इधर, पाकिस्तान के तद्रश ह्दद्ग2ह्य को आशा के निधन से जुड़ी खबरों का कवरेज करने पर पाकिस्तान सरकार ने नोटिस भेजा है। वहां की मीडिया रेगुलेटर संस्था क्क्चद्गह्म्ड्ड (पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरटी) का कहना है कि चैनल ने जो कंटेंट दिखाया, वह नियमों के खिलाफ हो सकता है।

आशा का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

सुदेश भोसले बोले- आशा जी की जगह लेना नामुमकिन

आशा भोसले के अंतिम संस्कार के बाद गायक सुदेश भोसले ने कहा

के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क से निकलते समय गायक शान ने कहा

'आशा जी हमेशा हमारे साथ रहेंगी। उनकी आवाज और उनके विचार हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके जैसा कोई दूसरा नहीं था, वे अपने उसूलों पर जीने वाली एक मजबूत महिला थीं। तमाम दुख झेलने के बाद भी उन्होंने हमेशा सकारात्मक सोच रखी और पेशेवर तरीके से अपना काम किया। वे दिल से बात करती थीं, सबको प्यार बांटती थीं और हक से डांटती या तारीफ भी करती थीं। मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि वे मुझे अपने पसंदीदा गायकों में से एक मानती थीं, जो मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। वे हमेशा संगीत की बारीकियां सिखाती थीं, उनकी परख बहुत गहरी थी। उनके गाने हमारे पास हैं, अगर कोई उसका 10% भी समझ ले, तो वह संगीत का जानकार बन जाएगा। '

## पीएम मोदी और ममता बनर्जी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू : ओवैसी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे वैसे राजनीति पारा चढ़ता जा रहा है। सभी राजनीति पार्टियों अपने अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार में जुटी हुई है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैस ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला है। ओवैसी ने कहा है कि पीएम मोदी और ममता बनर्जी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने यह आरोप मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लगाए गए है।

**'प्रधानमंत्री मोदी और ममता एक ही सिक्के के दो पहलू'**

ओवैसी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'जब एक वीडियो सामने आया, तो मैंने घोषणा की कि मजलिस बंगाल के मुसलमानों के हितों से समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी। मुझे बताइए, ममता बनर्जी और टीएमसीः क्या आपने भाजपा का साथ नहीं दिया? प्रधानमंत्री मोदी और ममता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रधानमंत्री मोदी और ममता भाई-बहन की तरह हैं। ममता ने दावा किया था कि वह बंगाल में वक्फ अधिनियम लागू नहीं करेंगी, लेकिन उन्होंने सिर्फ आपके वोट हासिल करने के लिए झूठ बोला।'

## घंटों तक वीडियो देखते रहने वाले अनलिमिडेट स्क्रॉल फीचर को खत्म करें : कीर स्टार्मर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि वे यूजर्स को घंटों तक वीडियो देखते रहने वाले अनलिमिडेट स्क्रॉल फीचर को खत्म करें। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं में लत पैदा कर रहे हैं और यह बड़ी समस्या बन चुकी है।

बीबीसी रेडियो से बातचीत में स्टार्मर ने बताया कि ब्रिटेन सरकार 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है। साथ ही कर्फ्यू, ऐप टाइम लिमिट और दूसरे उपायों का टेस्ट किया जा रहा है, ताकि इनके असर को समझा जा सके।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों के एल्गोरिदम ऐसे बनाए गए हैं, जो यूजर्स को ज्यादा समय तक प्लेटफॉर्म पर बनाए रखते हैं।वहीं, दूसरे देशों में भी इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल दिसंबर में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन लागू करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। ग्रीस और इंडोनेशिया ने भी ऐसे ही प्रतिबंध लागू किए हैं।



# परसरामपुरा में टीबड़ा हॉस्पिटल का निःशुल्क शिविर संपन्न

## 260 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के संकल्प के साथ, परसरामपुरा स्थित पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीबड़ा हॉस्पिटल की ओर से एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की कितनी आवश्यकता है। दिनभर चले इस शिविर में कुल 260 से अधिक मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में विख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइन सर्जन डॉ. रमाकांत टीबड़ा, जनरल फिजिशियन डॉ. अशोक कुमार मीणा ने अपनी टीम के साथ मरीजों की गहन जांच की। घुटनों के दर्द, फ्रैक्चर, स्लिप डिस्क जैसी समस्याओं का निदान किया गया। डायबिटीज, ब्लड प्रेशर व माइग्रेन के मरीजों को उचित जीवनशैली और दवाइयों की सलाह दी गई। डॉ. अनिरुद्ध दाधीच ने मरीजों को फिजियोथेरेपी के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया।

इस दौरान मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण जैसी विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

शिविर की एक मुख्य उपलब्धि यह रही कि इसमें रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की सर्जरी और घुटना प्रत्यारोपण जैसे जटिल ऑपरेशनों के लिए जरूरतमंद मरीजों को चिन्हित किया गया। इन मरीजों का आगामी उपचार अब टीबड़ा अस्पताल में आधुनिक मशीनों द्वारा किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच कर्णीराम, विश्वनाथ पोद्दार, आकाश शर्मा, रूप सिंह राव, फतेह मोहम्मद, अजय शर्मा, विजय पोदार, सुरेश गुर्जर, सुमेर चाहर (पी.टी.आई.), श्याम स्वामी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सीएमएचओ ने सरकारी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुँचाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सोमवार को जयपुर रोड़ पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. गुर्जर ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और खामियों को दूर करने के निर्देश दिए।

डॉ. गुर्जर ने सबसे पहले अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। स्वच्छता के मानकों में कमी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित स्टाफ को अस्पताल परिसर को स्वच्छ और संक्रमण मुक्त रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों की सेहत के साथ स्वच्छता के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**दवा और जांच योजनाओं की बारीकी से समीक्षा**

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। जांच सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी न हो ताकि मरीजों को जल्द उपचार मिल सके। डॉ. गुर्जर ने 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' की समीक्षा करते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के तहत अधिक से अधिक पैकेज बुक किए जाएं। सुनिश्चित किया जाए कि पात्र मरीजों को बिना किसी बाधा के योजना का लाभ मिले।




# टीकाकरण की स्टेट टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रदेश में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय कैंसर) से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाएगी। सोमवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम की स्टेट टॉस्क फोर्स की बैठक में इस संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक एनएचएम जोगाराम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न सहयोगी राजकीय विभागों और डवलपमेंट पार्टनर संस्थाओं को सामूहिक प्रयास बढ़ाकर 14 वर्ष की उम्र की सभी बालिकाओं के यू-विन साफ्टवेयर में रजिस्ट्रेशन करवाकर उन्हें एचपीवी प्रतिरक्षक टीका लगवाने और समुदाय में इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

मिशन निदेशक एनएचएम ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय गाइडलाइन के अनुसार मापदंडों की पालना करते हुए 2795 टीकाकरण सत्र संचालित किये गये हैं, जिनमें लक्षित 14 वर्ष की उम्र की 7720 लाभार्थियों को आवश्यक एचपीवी टीके लगाये दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार एचपीवी टीकाकरण के लिए लाभार्थी को यू-विन आनलाइन साफ्टवेयर में पंजीयन करना होता है और उसी के अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष एचपीवी टीकाकरण सत्र आयोजित कर पंजीकृत बालिकाओं को संबंधित टीके लगाने का प्रावधान है। मिशन निदेशक ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करवाये जाने वाला एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। आमजन में टीके को लेकर किसी भी तरह की भ्रांति और मिथकों को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभाग अपनी सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाएं।



# माय भारत बजट क्वेस्ट का समापन

## युवाओं की भूमिका पर जोर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजधानी जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'माय भारत बजट क्वेस्ट - राजस्थान युवा संवाद' कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के युवाओं के नवाचारी विचार और आत्मविश्वास वर्ष 2047 तक विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने इसे युवाओं के लिए बजट और नीतिगत विचार साझा करने का प्रभावी मंच बताया।

कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और पूंजीगत व्यय पर जोर देकर उद्यमिता को बढ़ावा दिया गया है। उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने बजट को मानव संसाधन विकास केंद्रित बताया, जबकि दिया कुमारी ने महिला नेतृत्व आधारित विकास को महत्वपूर्ण बताया। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस प्रकार के संवाद से युवाओं की नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ती है। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन और संरक्षित खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान विजेताओं से वर्चुअल संवाद कर उनके सुझाव सुने। उन्होंने बताया कि रूङ्क भारत पोर्टल पर 17 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। कार्यक्रम के दौरान चार प्रमुख विषयों—वैश्विक उद्यमिता, नारी शक्ति, विकसित कृषि और मानव पूंजी—पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इनमें शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, महिला सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

मानव पूंजी सत्र में निमित रंजन चौधरी, शशिकांत सिंघी, संकल्प गुप्ता, माला खेतान और अपूर्व कुमार ने विचार रखे। वैश्विक उद्यमिता सत्र में रीतिका पांडे, गौरव चौधरी, अनुराग जैन, अभिनव बांठिया, विवेक लोढ़ा, विशाल बैद और लोकेंद्र सिंह राणावत शामिल रहे।

विकसित कृषि सत्र में एस.एस. शेखावत, अजय कुमार पचौरी, हीरेन्द्र कुमार शर्मा सहित प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। नारी शक्ति विषय पर मुक्ता अरोड़ा, श्रद्धा अग्रवाल और पल्लवी मिश्रा ने अपने विचार साझा किए। अभियान की शुरुआत 1 फरवरी 2026 को हुई थी, जिसमें राजस्थान से 75,591 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से 984 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिनमें 423 महिलाएं और 561 पुरुष शामिल हैं। प्रत्येक जिले से 100 युवा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

# एथर एनर्जी का रिटेल नेटवर्क बढ़कर दोगुना हुआ

## वित्तवर्ष 2026 में भारत में 700 एक्सपीरियंस सेंटर तक पहुंचा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता, एथर एनर्जी लिमिटेड का रिटेल नेटवर्क भारत में 700 एक्सपीरियंस सेंटर्स को पार कर गया है। एथर ने पिछले एक साल में 350 से अधिक नए एक्सपीरियंस सेंटर खोले हैं, जिससे कंपनी का रिटेल नेटवर्क 31 मार्च, 2025 को 351 सेंटर से बढ़कर लगभग दोगुना हो गया है। इस तेज विस्तार ने एथर को विभिन्न बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत बनाने में मदद की है, जिससे कंपनी मौजूदा और नए बाजारों में अपना बिज़नेस बढ़ाने में समर्थ बनी है।पिछले एक साल में एथर के बढ़ते रिटेल फुटप्रिंट की मदद से कंपनी और ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचने में समर्थ बनी है। वाहन डेटा के मुताबिक मार्च, 2026 में देश के बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी बढ़कर 18.7 प्रतिशत हो गई। इस उपलब्धि में एथर के पहले फैमिली स्कूटर एथर रिज़्टा की सफलता का एक बहुत बड़ा योगदान है, जिसके लॉन्च के बाद इसकी 2.8 लाख से अधिक यूनिट बिक चुकी हैं। इससे नए ग्राहक वर्गों के बीच एथर की पहुँच बढ़ी है और नए बाजारों में भी एथर के स्कूटरों की मांग पैदा हुई है। साथ ही, एथर 450 परफॉर्मेंस स्कूटरों की स्थिर मांग ने विभिन्न क्षेत्रों में लगातार वृद्धि प्रदान की है।वित्तवर्ष 2026 में एथर ने रिटेल विस्तार के लिए मध्य भारत एवं भारत के अन्य हिस्सों पर ध्यान केंद्रित किया है। इन बाजारों में कंपनी तेजी से विस्तार कर रही है और बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रही है। इससे इन क्षेत्रों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और एथर ने लगभग दोगुना वृद्धि की है। साथ ही, कंपनी दक्षिण भारत में भी अपनी पकड़ लगातार मजबूत बना रही है और टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में भी अपना विस्तार कर रही है। इससे कंपनी को देश में एक संतुलित और विस्तृत फुटप्रिंट स्थापित करने में मदद मिल रही है।

एथर एनर्जी के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, रवनीत सिंह फोकेला ने कहा, ''पिछले साल हमने विकास के लिए अपने रिटेल फुटप्रिंट बढ़ाए। अब हम सभी जगहों पर अपने एक्सपीरियंस सेंटर्स का विस्तार कर चुके हैं, इसलिए मध्य भारत और भारत के अन्य हिस्सों में हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इससे हमें नए स्थानों और सेगमेंट्स पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली है, जिससे हमें वॉल्यूम और बाजार अंश में काफी बढ़त मिली। हमारा मानना है कि विकास की संभावनाएं अभी भी बाकी हैं। इसलिए हम अगली कुछ तिमाहियों तक इसी मार्ग पर आगे बढ़ते रहेंगे।रिटेल विस्तार के अलावा, एथर स्वामित्व का सुगम अनुभव प्रदान करके लगातार अपने परिवेश को मजबूत बना रहा है। पिछले माह, भारत में कंपनी के अधिकृत सर्विस सेंटर बढ़कर 500 से अधिक हो गए, जिससे उन सभी शहरों में भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सर्विस सपोर्ट उपलब्ध हुई, जहाँ पर कंपनी मौजूद है।

# मार्च में आरपीएफ की कार्रवाई: नशीले पदार्थ, अवैध शराब बरामद व 190 यात्रियों का सामान लौटाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मार्च 2026 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अभियानों के तहत कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया। इस अवधि में नशीले पदार्थ, अवैध शराब और चोरी-जेबतराशी के मामलों में कार्रवाई के साथ यात्रियों की सहायता और सुरक्षा से जुड़े कार्य भी किए गए। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, महाप्रबंधक अमिताभ के मार्गदर्शन और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा के नेतृत्व में आरपीएफ ने मार्च माह में विभिन्न अभियानों के तहत कार्रवाई की। वर्ष 2026 में अब तक कुल 927 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है।आरपीएफ ने 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत पांच मामलों का खुलासा करते हुए 22.56 किलोग्राम डोडा चूरा, 1.496 किलोग्राम अफीम और 0.994 किलोग्राम चरस बरामद की, जिसकी कुल कीमत 22.39 लाख रुपये आंकी गई। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया। ऑपरेशन सतर्क' के तहत 21 मामलों में 5.83 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद कर 10 आरोपियों को पकड़ा गया। इसके अलावा एक मामले में 20.5 किलोग्राम चांदी, जिसकी कीमत लगभग 41 लाख रुपये है, जब्त कर एक व्यक्ति को कस्टम विभाग को सौंपा गया।'ऑपरेशन जीवन रक्षा' के तहत चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान हादसे की स्थिति में चार यात्रियों की जान बचाई गई। इनमें तीन पुरुष और एक महिला शामिल हैं। परिवार से बिछड़े 36 नाबालिगों को आरपीएफ ने रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से उनके परिजनों को सौंपा। इसके अलावा 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत 24 मामलों में 26 आरोपियों को जेबतराशी और चोरी के प्रयास में पकड़ा गया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**उदयपुरवाटी।** कस्बे में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज (हरिद्वार) द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। इसी कड़ी में स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी प्रतिभागियों और सहयोगी शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शांतिकुंज के तत्वाधान में अक्टूबर 2025 में संपन्न हुई। इस परीक्षा में अव्वल रहे प्रदीप दोई, दीपिका सैनी और सिया सैनी सहित अन्य परीक्षार्थियों का स्थानीय स्तर पर सम्मान किया गया। गायत्री परिवार के संचालक बजरंगलाल सोनी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों एवं सदस्यों ने प्रतिभागियों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान केवल विद्यार्थियों ही नहीं, बल्कि इस ज्ञान यज्ञ में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले शिक्षक गणों का भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों के सहयोग के बिना सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना संभव नहीं

# 16 वर्षीय साराक्षी सिंह का 'गुलाबी रक्षक अभियान' से जयपुर में स्वच्छता का संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** 'मन में दृढ़ संकल्प हो तो उम्र कभी बाधा नहीं बनती', इस कहावत को साकार कर दिखाया है जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल की 16 वर्षीय छात्रा साराक्षी सिंह ने। साराक्षी शहर में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साराक्षी सिंह द्वारा शुरू किया गया 'गुलाबी रक्षक अभियान' स्वच्छता के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल बनकर उभरा है। इस अभियान के अंतर्गत साराक्षी ने आकर्षक और जागरूकता बढ़ाने वाले पोस्टर्स तैयार कर नगर निगम जयपुर की टीम को उपलब्ध कराए हैं, जिन्हें निगम की टीम अपने सूचना, शिक्षा एवं संचार (ढ्ढश्वष्ट) अभियानों में उपयोग कर रही है। इसके साथ ही वे अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। साराक्षी स्वच्छता जागरूकता अभियानों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती हैं। वे सब्जी मंडियों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करती हैं। साराक्षी ने बताया कि उन्हें इस कार्य की प्रेरणा अपनी माता से मिली, जो नगर निगम जयपुर में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्य कर चुकी हैं। उनके साथ फील्ड में जाकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को करीब से देखने के बाद उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और इस अभियान की शुरुआत की।

# अंबेडकर जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह आज

## लाभार्थियों को 1363 करोड़ का हस्तांतरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर राज्य सरकार की ओर से सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में 14 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के अनुसार, राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान पेंशन और पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1363 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इसके साथ ही 29 करोड़ रुपये की लागत से बने 10 छात्रावासों का लोकार्पण और 47 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 17 छात्रावासों का शिलान्यास किया जाएगा।

प्रदेश में 12 से 14 अप्रैल तक जिला और उपखंड स्तर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जामडोली स्थित सामाजिक न्याय संकुल परिषद में पुस्तकालय का डिजिटल उद्घाटन किया जाएगा। विभागीय योजनाओं के तहत लाभार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 'समाधान साथी' एआई आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से नागरिकों को छात्रवृत्ति और पेंशन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही डॉ. बीआर अंबेडकर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे के साथ समझौता ज्ञापन भी किया जाएगा।

# नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगरीय निकायों के आम चुनाव, 2026 के संदर्भ में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले की नगर परिषद, चैमू एवं नगरपालिका, सांभर, चाकसू, जोबनेर, फुलेरा, किशनगढ़ रेनवाल, बगरू में सोमवार को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों ने निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है।

प्रारूप मतदाता सूची पर दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 27.04.2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि निर्धारित है। प्रारूप मतदाता सूची का पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दिनांक 14.04.2026 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि नगर परिषद व बोर्ड के वार्ड व मतदान केन्द्रों पर वार्ड सभायें आयोजित कर संबंधित भागों की निर्वाचक नामावलियों का पठन किया जायेगा। मतदान केन्द्रों पर दावे व आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए विशेष अभियान तिथियां दिनांक 19.04.2026 एवं 26.04.2026 निर्धारित की गई है। इन दिनों पदाभिहित अधिकारी पूरे दिवस को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर दावे आपत्तियों के आवेदन प्राप्त करेंगे।

दावे व आपत्तियां निर्धारित प्रारूप 3, 5 और 6 में प्रस्तुत किया जावेगा। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का विवरण प्रारूप - 8, 9, और 10 में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दो प्रतियों में प्रतिदिन तैयार किया जाएगा तथा उसकी प्रति कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जावेगी।

प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 03.05.2026 तक किया जावेगा।



# श्रीमती हेलेना कौशिक महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**मलसीसर।** श्रीमती हेलेना कौशिक महिला पी.जी. व बी.एड. महाविद्यालय, मलसीसर में डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह की श्रृंखला में आज संविधान जागरूकता सगोंष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमेन अमेरीका प्रवासी सुशील कुमार कौशिक ने ई-मेल के माध्यम से डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। महाविद्यालय प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावन को विस्तार से बताते हुए कहा की संविधान का उद्देश्य एक न्यायपूर्ण, समानतामूलक और धर्म निरपेक्ष भारत का निर्माण करना है जहां हर एक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार हो। संविधान की सार्थकता सिर्फ कानूनी पेचीदगियों में नहीं बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना है।

व्याख्याता डॉ. मांगेलाल ने संगोष्ठी मे बोलते हुए कहा कि संविधान केवल एक कानुनी दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक बदलाव और समानता का साधन है। संगोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने डॉ. जितेन्द्र महला, सतपाल, रीना रानी, प्रीति शर्मा, रितिका पूनियां, रचना शर्मा एंव संगीता कुमावत ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर गोविन्द शर्मा, अनुप राठोड़, रामप्रताप शर्मा, मुन्सीराम, बुद्धराम, बनारसी लाल, रघुवीर सिंह, प्रवीण, सुमन एवं समस्त छात्राऐं व छात्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# जूनी मंडी चिकित्सालय में किशोरियों का हुआ एचपीवी टीकाकरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जोधपुर।** महिला स्वास्थ्य और कैंसर रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जूनी मंडी में 'ह्यूमन पेपिलोमा वायरस' टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) के जोखिम से सुरक्षित करना है। यूपीएचसी जूनी मंडी के प्रभारी एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश हर्ष ने जानकारी दी कि चिकित्सालय की समस्त एएनएम (्हरू) एवं आशा सहयोगिनियों के सक्रिय प्रयासों से टीकाकरण सफल रहा। शिविर के दौरानः आयु सीमाः 14 वर्ष से लेकर 15 वर्ष 90 दिन तक की किशोरियों को कवर किया गया।

कुल लाभान्वितः कुल 18 किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाए गए।

डॉ. अविनाश हर्ष ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसे समय पर टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने समाज से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस घातक बीमारी से बचाने के लिए आगे आएं और सरकार के इस अभियान का लाभ उठाएं।

इस टीकाकरण शिविर के दौरान चिकित्सा प्रभारी के साथ एलएचवी दीक्षा, पूजा, निर्मला, भगवती, शशि, विमला और सीमा सहित नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान को लेकर आयोजित हुई देवनारायण मंदिर पर बैठक

## गौ माता की रक्षा को लेकर चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान, 27 अप्रैल को पूरे देश में ज्ञापन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के तुलसीवन रोड स्थित देवनारायण मंदिर में सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वी राजस्थान के गौ प्रचारक सन्त वैष्णव दास महाराज बृंदावन, अर्पित पाराशर मंडरायल व तहसील गौ प्रचारक अनिल गोयल, अजय कसाना, अंजनी पाराशर बृजपूजन गुर्जर ने शिरकत की और गौ रक्षा और सुरक्षा को लेकर शुरू किये गए इस अभियान की जानकारी दी।

संत वैष्णव दास महाराज कहा कि देशी नस्ल की गौ माता जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है। उसकी आज घोर उपेक्षा होने से बढ़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है। प्रतिदिन अनेकों गो वंश सड़को,राजमार्गों पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। भारत के आधे से अधिक राज्यों में गोवध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गोवंश का कट्टी घरों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, देश में नाम मात्र की गौशालाएं हैं। जिनमें भी व्यवस्था समुचित नहीं है। ऐसे में गौ माता को लेकर केंद्र सरकार द्वारा समुचित कानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है। जो पूरे देश में एकरूपता से लागू हो।

अर्पित पाराशर और अनिल गोयल ने चेतावनी दी की महापुरुषों और विशेषज्ञों का मत है कि गो सेवा, गौ संरक्षण और गौ सम्मान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 2036 तक भारत गोवंश रहित होकर विकृत हो जाएगा। जिसके फलस्वरूप हम सब का अस्तित्व भी खतरे में पड़ना स्वाभिक है।


» बाड़ी... गौ सम्मान अभियान में मौजूद पदाधिकारी और अन्य।

इस विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए संतों और गो सेवकों की एक बैठक छह माह पहले वृन्दावन में हुई थी,जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए एवं गौ माता के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए गौ माता के नेतृत्व में अभियान भारत भर के संतों और गौ सेवकों द्वारा चलाया जा रहा है, जो शांतिपूर्ण एवं अनुरोध के साथ रहेगा। 27 अप्रैल को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गौ माता को लेकर सभी सनातनी,गो भक्त हज़ारों की संख्या मे गौ हत्या बंद करने के लिये एवं गौ माता को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये हस्ताक्षर करके प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे। बैठक में धर्मराज गुर्जर, प्रशांत गुर्जर, शिवशंकर गोस्वामी, कमल दास, नैनी देवी, लहोरी देवी व अन्य गौ भक्त उपस्थिति रहे।



**बसेड़ी।** आत्मप्रभा विद्यालय तहसील बसेड़ी में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें पूर्वी राजस्थान गो प्रचारक पूज्य सन्त वैष्णव दास महाराज बृंदावन, अर्पित पाराशर मंडरायल व तहसील गो प्रचारक नितिन कुशवाह, निरंजन सिंह फौजी, सीताराम कुशवाह, गणेश पाल कुशवाह ने भी गौ माता संरक्षण के लिए अपने विचार रखे। 27 अप्रेल को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गोमाता के सानिध्य में सभी सनातनी, गो भक्त हज़ारों की संख्या मे संपूर्ण भारतवर्ष से गौ हत्या बंद करने के लिये एवं गौमाता जी को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये सभी हस्तक्षर करके प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर दर्शन लाल गोयल, सुनहरी लाल शर्मा, जलसिंह कुशवाह, हरेंद्र, नीरज, छोटू, हरिराम, रामस्वरूप, रामकुमार, सोमवीर, हरिपाल व अन्य गौ भक्त उपस्थिति रहे।

# अवैध गांजे के सहित आरोपी गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस थाना दिहौली ने अवैध गांजा के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुखराम विश्नोई ने बताया कि थाना से जसराम हैड कानि. मय जाप्ता को रवाना किया गया। जिस पर डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह एएसआई की सूचना पर जसराम मिल्क डेयरी के पास गांव दिहौली की तरफ जाने वाले रास्ते पर दौलतराम पुत्र नवाब सिंह जाति ठाकुर उम्र 63 साल निवासी गोपालपुरा थाना दिहौली जिला धौलपुर को 421 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस पर प्रकरण संख्या 78/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया जाकर गम्भीर सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजाखेड़ा द्वारा अनुसंधान जारी है।

# अवैध शराब के 62 पव्वे सहित व्यक्ति गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस दिहौली ने अवैध देशी शराब के 62 पव्वे ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना दिहौली थानाधिकारी सुखराम विश्नोई ने बताया कि से मुखविर की सूचना पर कठूमरी तिराया गुनपुर रोड पर रामवीर पुत्र गिरवर जाति निषाद उम्र 47 साल निवासी भूड़ा थाना दिहौली को अवैध देशी शराब के 62 पव्वा ले जाते हुये गिरफ्तार किया गया। जिस पर मामला एक्साईज एक्ट में दर्ज किया जाकर गणेश प्रसाद एएसआई द्वारा अनुसंधान जारी है।

# सड़कों पर गंदगी के ढेर, बीमारी फैलने का सता रहा डर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा नगर पालिका कस्बे के वार्ड नं 2, 3, 4 अम्बरपुर की आम सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और नालिया चौक पड़ी हुई है। जबकि नगर पालिका में कुल सफाई कर्मचारी एवं जमादार 114 लगे हुए हैं। 114 नगर पालिका में सफाई कर्मचारी होने के बावजूद भी दो तीन चार वार्डो में सिर्फ दो सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। एक सप्ताह पूर्व उच्च अधिकारियों द्वारा राजाखेड़ा के वार्ड नंबर 2, 3, 4 का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के बाद सड़कों पर गन्दगी का ढेर लगा हुआ है। राजाखेड़ा से अम्बरपुर होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा को जोड़ती है।

यह हालात तो तब है जब स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में राजाखेड़ा नगर पालिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संभागीय रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि नगर पालिका के सफाई कर्मियों की कड़ी मेहनत, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन की बदौलत संभव हुई है। जबकि धरातल पर देखा जाए तो नगर पालिका में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत जमीनी हालातों में शून्य दिखाई देते है। जहां की सड़कों पर गंदगी के ढेर इन स्थितियों में बड़ी मशक्कत का सामना करने को मजबूर है। वहीं स्थानीय निवासियों का जीवन भी नारकीय बना हुआ है। आम रास्ते की नालियां सफाई के अभाव में सिल्ट से चौक होकर पानी का निकास करने की जगह सड़कों पर ओवेरफ्लों कर देती हैं। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण केवल फाइलों में ही दूसरा स्थान प्राप्त करता दिखता है।


» राजाखेड़ा....कस्बे में गंदगी से अटी पड़ी नालिया

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला साक्षरता कार्यालय में किया गया।

कार्यशाला में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी बीरी सिंह ने कार्यक्रम के विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कार्यक्रम का संचालन 1 अप्रैल 2022 से सम्पूर्ण प्रदेश में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग एवं समन्वय, जन समुदाय की सहभागिता एवं प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग करते हुए है वर्ष 2030 तक 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी युवाओं एवं वयस्क स्त्री-पुरुषों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक पढ़ना-लिखना एवं संख्या ज्ञान क्रिटिकल जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा व्यावसायिक कौशल विकास एवं सतत शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 मे जिले को कुल 12100 असाक्षर को उल्लास एप मे पंजीकृत करने का लक्ष्य दिया गया है लक्ष्य को ब्लॉक मे विभाजित कर, सर्वे कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। यह कार्य सर्वेअर के माध्यम से 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यशाला मे समस्त ब्लॉकों से आए साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# प्रदेशभर के निजी हॉस्पिटलों में कल ओपीडी-आईपीडी रह सकती बंद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर के निविक हॉस्पिटल के निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में चिकित्सा जगत उतर गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (राजस्थान) ने 14 अप्रैल को सुबह 8 से 15 अप्रेल की सुबह 8 बजे तक निजी अस्पतालों में ओपीडी, आईपीडी सेवाएं बंद रखने का आह्वान किया है।

एसोसिएशन के जोनल सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया- डॉ. सोनदेव बंसल की हुई गिरफ्तारी से राज्य के सभी डॉक्टरों में रोष है। उन्होंने बताया- जिस प्रकरण में उन्हें गिरफ्तार किया है, उसके लिए पहले बने मेडिकल बोर्ड ने किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही सामने नहीं आई है। इसके बावजूद आरजीएचएस (ऋन्न॥स्) से संबंधित कथित लघु अनियमितताओं के आधार पर एक डॉक्टर के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई कर गिरफ्तारी करना अनुचित है। इस मुद्दे पर आईएमए राजस्थान ने सोमवार को बैठक बुलाई। इसमें राज्य की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों और अन्य चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# राप्रा विद्यालय जयेरा का पुरा कुशवाह में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर हुए कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** टांडा परिक्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयेरा का पुरा कुशवाह में संस्था प्रधान रईस फारूकी ने प्रार्थना सभा में सभी छात्राओं को भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार प्रयासों के बारे में बताया कि उनका समाज एवं संविधान में विशेष योगदान रहा है सभी को जानकारी दी। इसके बाद कक्षा चार के छात्र रवि कुशवाह द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और बाबा साहब की पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा चार की छात्रा नैंसी कुशवाह को प्रथम एवं कक्षा पांच की छात्रा रचना कुशवाह को द्वितीय एवं कक्षा पांच की छात्रा कामिनी कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# मुकेश कुमार जाटव को जिला सचिव पद पर नियुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमीन पठान की अनुशंसा पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन प्रकाश त्यागी एवं जिला अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ गुड्डू लोधा की मौजूदगी में मनियां खेल प्रकोष्ठ कांग्रेस कार्यालय पर मुकेश कुमार को जिला सचिव पद पर नियुक्ति पत्र दिया। मुकेश कुमार नियुक्त होने पर फूल मालाओं, साफा और मिठाई खिलाकर स्वागत किया स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश खेल प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष एवं भरतपुर खेल प्रकोष्ठ संभाग प्रभारी मौन प्रकाश त्यागी, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गुड्डू लोधी, महासचिव कमोद सिंह, देवेंद्र सिंह, जिला महासचिव कोक सिंह लोधी, संगठन मंत्री उत्तम सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष शिबू लोधी, तोता राम, सरनाम कुशवाह, राजेश त्यागी मौजूद रहे। जिला सचिव कुमार ने कहा कि मैं कांग्रेस को मजबूत करने में पूरी-पूरी कोशिश करूंगा और संगठन में मजबूती लाऊंगा।



# कोटपुरा स्कूल में गूंजा कर्तव्यों का संकल्प नन्हे-मुन्नों और शिक्षकों ने ली संविधान की शपथ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुरा में नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता जगाने के लिए एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में न केवल शिक्षकों ने, बल्कि नन्हे-मुन्ने बच्चों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी संविधान में निहित कर्तव्यों की पालना करने का सामूहिक संकल्प लिया।



समारोह की शुरुआत भारत के संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों के वाचन के साथ हुई। प्रधानाचार्य अतुल चौहान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एक आदर्श समाज के निर्माण के लिए अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना अनिवार्य है। इसके बाद, उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने हाथ आगे बढ़ाकर पूरी निष्ठा से कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली। शपथ लेते हुए पहली से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने ऊंचे स्वर में 'मैं अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करूंगा/करूंगी' के नारे लगाए तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी विद्यालय के विकास और सामाजिक समरसता बनाए रखने की शपथ ली।

राजनीति विज्ञान व्याख्याता फैरन सिंह ने बच्चों को संविधान के महत्व और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना के बारे में बताया। सरपंच माताप्रसाद ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल साक्षर होना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना है। आज की यह शपथ बच्चों के मन में देशभक्ति और अनुशासन का बीज बोएगी।शपथ में शामिल ग्रामीण जनों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से आने वाली पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का विकास होगा और वे देश के कानून व मर्यादाओं के प्रति अधिक सजग बनेंगे। शपथ कार्यक्रम के बाद व्याख्याता फैरन सिंह, प्रशांत श्रोत्रिय, धर्मवीर, सुरेश चंद्र, मनोज गर्ग, रवि कुमार, महेंद्र सिंह, चोब सिंह, भगवान सिंह, अर्जुन सिंह, जगदीश बघेल अतिवीर सिंह ने कक्षा कक्षों में संविधान संबंधी जानकारी बच्चों के साथ साझा की।

# संस्थापन अधिकारी का किया स्वागत



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयेरा का पुरा कुशवाह संस्था प्रधान रईस फारूकी ने संस्थापन अधिकारी अशोक उपाध्याय का फूल मालाओं के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उपाध्याय एक मेहनती, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ट और लगनशील इंसान है, उनकी इस लगनशीलता के चलते विभाग ने उनको संस्थापन अधिकारी के पद पर नियुक्ति दी। इस पद पर नियुक्ति को लेकर शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल बना हुआ है। सभी लोगों द्वारा फूल मालाओं, साफा और मिठाई खिलाकर स्वागत किया जा रहा है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी महेश अवस्थी, प्रशासनिक अधिकारी मनोज शर्मा, राहुल, बंसल आदि विभाग के सभी लोग शामिल हुए।


» बाड़ी.... एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण

# खानपुर मीणा गांव में अतिक्रमण के चलते रुका सीसी खरंजा निर्माण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखण्ड के खानपुर मीणा गांव में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा गांव के आम रास्ते की सड़क पर सीसी खरंजा निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के चलते अब यह निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। आधे रास्ते पर निर्माण कार्य हो चुका है और बाकी पर बंद है। ऐसे में ग्रामीणों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा है और मामले में जांच के साथ कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञापन के दौरान ग्रामीण महेंद्र सिंह, भजन लाल, राजवीर, हंसराम, सोनू, विजय सिंह, धनंजय आदि ने बताया की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा गांव में आम रास्ते पर सीसी खरंजा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में जल वोट से तालाबशाही तक के रास्ते में खसरा नंबर 83,841,46,1056 पर कुछ ग्राम वासियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। जिनको ग्रामीणों के साथ पटवारी,गिरदावर आदि द्वारा समझाइश कर सीसी खड़ंजा का निर्माण कार्य चालू कराया गया जो आधे गांव जादौन सिंह मीणा के घर तक पहुंच गया। अब जादोन मीणा अपने अतिक्रमण को नहीं हटा रहा है। ग्राम वासियों ने कई बार पंचायत जोड़ी ,व्यक्तिगत रूप से भी जादोन मीना से कब्जा हटाने की बात कही। परंतु वह कब्जा नहीं हटा रहा है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसी खरंजा के निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। जो 15 दिन से बंद पड़ा है।

विजय सिंह ने बताया कि मामले को लेकर पिछले गुरुवार को भी जनसुनवाई बैठक में भी उन्होंने संभागीय आयुक्त के सामने परिवाद दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है केवल आश्वासन दे दिया जाता है। ऐसे में ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर मामले की जांच के साथ पुलिस जाब्ते और तहसीलदार की उपस्थिति में उक्त निर्माण कार्य को कराया जाए साथ मे जो भी आरोपी हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिससे ग्रामीणों का आम रास्ता पूरा बन सके।

# सत्य, अहिंसा, समता और ज्ञान का संगमः ऋषभदेव पखवाड़ा व अंबेडकर जयंती पर प्रेरणादायी आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिकरौदा में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां तथा सत्य एवं अहिंसा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान ऋषभदेव व डॉ. भीमराव अंबेडकर का दीप प्रज्वलन एवं ऋषभ स्तुति के साथ हुआ, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मकता से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं अभिव्यक्तिक कौशल को विकसित करने हेतु निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूछा भगवान ऋषभदेव के जीवन, उनके तप, त्याग, अहिंसा, अपरिग्रह तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान ही भारत के महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भी अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा डॉ. अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, सामाजिक समानता एवं न्याय के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार जैन ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि भगवान ऋषभदेव का जीवन हमें संयम, त्याग और आत्मअनुशासन का मार्ग दिखाता है, तो डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ अध्यापक सत्य प्रकाश ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महेश चन्द्र शर्मा, नरेंद्र सोनी, स्वीटी गुप्ता, माधव नारायण व अन्य शिक्षक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# यूनियन फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष चुने गये लोकेश कुमार सिंह 'साहिल'

**जयपुर।** भारत के सबसे पुराने फ़ुटबॉल क्लब 'यूनियन फ़ुटबॉल क्लब , जयपुर '(जो 139 वर्ष पुराना है , मोहन बागान , कोलकाता से भी पुराना) की नयी कार्यकारिणी के चुनाव क्लब मैदान पर सम्पन्न हुए । चुनाव में निर्विरोध रूप से लोकेश कुमार सिंह 'साहिल' को अध्यक्ष , महिपाल स्वामी को सचिव , सनी सेबेस्टियन और अनिल शर्मा को उपाध्यक्ष , आशा को संयुक्त सचिव तथा भव्या राजावत को कोषाध्यक्ष चुना गया । नयी कार्यकारिणी का गठन आगामी 5 वर्षों हेतु किया गया है । नयी कार्यकारिणी ने क्लब की पुरानी प्रतिष्ठा को बहाल करने तथा क्लब को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया ।

# रॉयल रॉक स्टार छावा बनी एसएफएस क्रिकेट लीग -2 की विजेता

**जयपुर।** जयपुर एसएफएस मानसरोवर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता (-16) में रॉयल रॉकस्टार छावा ने शानदार प्रदर्शन कर ख़िताब जीता। छत्रपति शिवाजी किंग्स उपविजेता बनी। आयोजक समिति के केडी सिंघल ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे नौ वर्ष से लेकर सोलह वर्ष तक के बच्चे व बच्चियों ने सयुंक्त रूप से टीम फ्रैंचाइज़ी मॉडल पर बनाई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा रिद्धि सिद्धि मंडल अध्यक्ष दीपा नथावत ने किया और विजेता टीम को पुरस्कृत सोसायटी अध्यक्ष किशन लाल छत्तानी ने किया।



## संपादकीय

# डिजिटल युग में हिंदीः चुनौतियाँ और संभावनाएं

**स्निग्धा का आलेख**

मोबाइल की चमकती स्क्रीन पर सिमटती दुनिया में शब्दों की गहराई कहीं धीरे-धीरे धुंधली होती प्रतीत होती है। डिजिटल युग ने ज्ञान को हमारी उँगलियों तक पहुँचा दिया है; सूचना का विस्तार अभूतपूर्व है। परंतु भाषा से हमारा आत्मीय रिश्ता पहले जैसा सशक्त नहीं रहा। तकनीक आज जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है–शिक्षा, संवाद, शोध और मनोरंजन–सब कुछ डिजिटल माध्यमों से जुड़ गया है। ऐसे में शिक्षण पद्धति में परिवर्तन स्वाभाविक है, किंतु इस परिवर्तन के बीच हिंदी भाषा का शिक्षण नई परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना कर रहा है।एक हिंदी शिक्षिका के रूप में प्रतिदिन यह अनुभव होता है कि बच्चों के विचारों में कमी नहीं है। वे जिज्ञासु हैं, कल्पनाशील हैं, संवेदनशील भी हैं। परंतु जब उन विचारों को शब्दों में ढालने का समय आता है, तो वे ठिठक जाते हैं। हाल ही में, कक्षा में विद्यार्थियों से उनके मनपसंद विषय पर कुछ पंक्तियाँ लिखने को कहा। सभी के पास भाव थे, अनुभव थे, पर शब्द नहीं। कई विद्यार्थियों ने सहज भाव से कहा– 'सोच तो है, पर लिखने के लिए शब्द नहीं मिलते।' उस क्षण यह स्पष्ट हुआ कि समस्या प्रतिभा की नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की है। माध्यमों ने संवाद को त्वरित और संक्षिप्त बना दिया है। चैट भाषा, इमोजी और मिश्रित भाषायी प्रयोग (हिंग्लिश) का प्रभाव बच्चों की हिंदी शब्दावली को सीमित कर रहा है। लंबे वाक्य लिखने की प्रवृत्ति कम हो रही है। शुद्ध वर्तनी और व्याकरणिक सावधानी पर ध्यान घटता जा रहा है। 'है' और 'हैं', 'क्योंकि' और 'क्युकी', 'वहाँ' और 'वहा' जैसे सरल शब्दों में भी भ्रम देखने को मिलता है। कई बार बच्चे अपनी त्रुटियाँ पहचानने में भी असमर्थ होते हैं। जब भाषा की बुनियाद कमजोर होती है, तो आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है।वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि देश के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालय, जो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (छ्वक्स्श्व) से संबद्ध हैं, अपनी शिक्षण पद्धति में मुख्य रूप से अंग्रेजी माध्यम का उपयोग करते हैं। यद्यपि यह बोर्ड हिंदी माध्यम के विद्यालयों को भी पूरी मान्यता प्रदान करता है, फिर भी व्यवहार में अधिकांश विद्यार्थी अन्य विषयों का अध्ययन अंग्रेजी में करते हैं। यह स्वाभाविक है कि विद्यार्थी जिस भाषा में विज्ञान या गणित जैसे विषय पढ़ते हैं, वे उसी में अधिक सहज हो जाते हैं। परिणामस्वरूप, हिंदी उनके लिए अभिव्यक्ति का माध्यम कम और केवल एक 'विषय' अधिक बनकर रह जाती है। अभिभावकों की प्राथमिकताओं में भी अंग्रेजी का महत्व बढ़ा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को वैश्विक अवसरों के लिए सक्षम बनाना है। इस प्रयास में अनजाने में घर और विद्यालय दोनों स्थानों पर हिंदी के सक्रिय प्रयोग और पठन के अवसर सीमित हो जाते हैं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समस्या किसी अन्य भाषा के अस्तित्व से नहीं है। बहुभाषिकता हमारे देश की शक्ति है। अंग्रेज़ी सहित अन्य भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है। किंतु जिस भाषा में बच्चा अपने परिवेश को समझता है और भावनात्मक रूप से जुड़ता है, उसमें दक्षता उसके चिंतन को गहराई प्रदान करती है। यही कारण है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 प्रारंभिक स्तर पर मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में शिक्षण को महत्व देती है, क्योंकि भाषा ही विचारों की आधारशिला है।समाधान निराशा में नहीं, संतुलन में है। यदि हिंदी को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर जीवन से जोड़ा जाए, तो वह पुनः बच्चों के लिए सहज और रोचक बन सकती है। कहानी-कथन, समूह-चर्चा, भूमिका-अभिनय, वाद-विवाद, रचनात्मक लेखन और काव्य-पाठ जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शब्द-भंडार और आत्मविश्वास को सुदृढ़ कर सकती हैं। विद्यालयों में नियमित पठन-अभियान, 'दिन का शब्द' जैसी पहलें और पुस्तकालय संस्कृति का सशक्तिकरण भी महत्त्वपूर्ण कदम हो सकते हैं।

# एक नया नुस्खाः महिलाओं द्वारा डिजाइन की गई स्वास्थ्य देखभाल

> टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बना रहे हैं, विशेष रूप से ग्रामीण या वंचित क्षेत्रों की महिलाओं के लिए, जिन्हें देखभाल प्राप्त करने में सामाजिक या तार्किक बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन करने का एक और प्रमुख पहलू समावेशन ह

**डॉ विजय गर्ग**

स्वास्थ्य देखभाल, अपने सर्वोत्तम रूप में, सभी को समान रूप से सेवा प्रदान करना है। फिर भी, दशकों से महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को अक्सर गलत समझा जाता रहा है, उनका पर्याप्त शोध नहीं किया गया है या उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया है। देरी से निदान से लेकर मातृ देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य सहायता में अंतराल तक, यह प्रणाली हमेशा महिलाओं की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। हालांकि, आज एक शक्तिशाली बदलाव चल रहा है। महिलाएं नवप्रवर्तकों, डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के रूप में आगे बढ़ रही हैं, तथा सहानुभूति, समावेशिता और सटीकता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को नया स्वरूप दे रही हैं। महिलाओं द्वारा बेहतर स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन करना, महिलाओं के लिए एक नारा नहीं है; यह एक आवश्यक परिवर्तन है। पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है प्रतिनिधित्व की कमी। वर्षों से, चिकित्सा अनुसंधान मुख्यतः पुरुष शरीर पर केंद्रित रहा है, तथा उन्हें सामान्य माना जाता था। इससे महिलाओं को अलग-अलग प्रभावित करने वाली स्थितियों, जैसे हृदय रोग, स्वप्रतिरक्षी विकार और हार्मोनल स्वास्थ्य समस्याएं, का गलत निदान और अप्रभावी उपचार हो गया है। महिला डिजाइनर और शोधकर्ता अब लिंग-विशिष्ट अनुसंधान और व्यक्तिगत देखभाल की वकालत करके इस असंतुलन को चुनौती दे रही हैं। जब महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल समाधानों के डिजाइन में शामिल होती हैं, तो परिणाम अक्सर अधिक समग्र होते हैं। वे उन क्षेत्रों पर ध्यान आकर्षित करते हैं जिन्हें कभी उपेक्षित किया गया था। मासिक धर्म स्वास्थ्य, प्रजनन अधिकार, रजोनिवृत्ति देखभाल और मानसिक कल्याण। ये कोई विशिष्ट चिंता नहीं है, बल्कि जीवन के आवश्यक पहलू हैं जो लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल से सुरक्षित स्थान निर्मित हो रहे हैं, जहां मरीज महसूस करते हैं कि उनकी बात सुनी गई है, उनका सम्मान किया गया है और उन्हें समझा गया है, जिससे इन विषयों पर खुलकर चर्चा करने की लंबे समय से चली आ रही वर्जनाएं टूट गईं। इस परिवर्तन में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मासिक धर्म चक्र को ट्रैक करने वाले मोबाइल स्वास्थ्य ऐप्स से लेकर गर्भावस्था के स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले पहनने योग्य उपकरणों तक, महिला नवप्रवर्तक व्यक्तियों को अपने शरीर के बारे में जानकारी देने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं।

टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बना रहे हैं, विशेष रूप से ग्रामीण या वंचित क्षेत्रों की महिलाओं के लिए, जिन्हें देखभाल प्राप्त करने में सामाजिक या तार्किक बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन करने का एक और प्रमुख पहलू समावेशन है। महिलाएं समझती हैं कि स्वास्थ्य सेवा को विभिन्न समूहों के लिए उपयुक्त होना चाहिए। आयु, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भूगोल और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि। एक ही उपाय सभी के लिए उपयुक्त नहीं है।



उदाहरण के लिए, किसी ग्रामीण महिला की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताएं शहरी पेशेवर से काफी भिन्न हो सकती हैं। निर्णय लेने में विभिन्न समुदायों की महिलाओं को शामिल करके, स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां अधिक उत्तरदायी और न्यायसंगत बन सकती हैं। नेतृत्व भी मायने रखता है। जब महिलाएं अस्पतालों, शोध संस्थानों और स्वास्थ्य मंत्रालयों में नेतृत्व के पद पर होती हैं, तो नीतियां व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। मातृ मृत्यु दर, बाल पोषण, कार्यस्थल स्वास्थ्य और लिंग-आधारित हिंसा जैसे मुद्दों पर वह ध्यान दिया जाता है जिसके वे हकदार हैं। महिला नेतृत्व सहयोग, करुणा और दीर्घकालिक सोच को बढ़ावा देता है। एक टिकाऊ स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक गुण। शिक्षा और जागरूकता समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी साक्षरता से सशक्त बनाना उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। जब महिलाएं निवारक देखभाल, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य को समझती हैं, तो इसका लाभ व्यक्तियों से आगे बढ़कर पूरे समुदाय तक पहुंच जाता है। शिक्षित महिलाएं अक्सर बेहतर स्वास्थ्य प्रथाओं की वकालत करती हैं, जिससे भावी पीढ़ियों पर प्रभाव पड़ता है।

हालाँकि, चुनौतियाँ बनी हुई हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह, महिलाओं पर केंद्रित अनुसंधान के लिए धन की कमी और सांस्कृतिक बाधाएं अभी भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रगति को सीमित करती हैं। इन बाधाओं पर काबू पाने के लिए सरकारों, संस्थानों और बड़े पैमाने पर समाज से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। विज्ञान, चिकित्सा और नवाचार में महिलाओं का समर्थन करना केवल समानता के बारे में नहीं है; यह सभी के लिए स्वास्थ्य देखभाल परिणामों में सुधार करने के बारे में है।

महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल तैयार करने से अंततः अधिक मानवीय और प्रभावी प्रणाली बनेगी। यह सुनिश्चित करता है कि देखभाल केवल नैदानिक नहीं बल्कि करुणामय हो, न केवल प्रतिक्रियाशील बल्कि निवारक भी हो। जब महिलाएं स्वास्थ्य देखभाल डिजाइन के केंद्र में होती हैं, तो प्रणाली अधिक समावेशी, उत्तरदायी और लचीली हो जाती है।

महिलाओं के अनुभवों की दृष्टि से स्वास्थ्य देखभाल को पुनः कल्पना करने में, हम ऐसे भविष्य के करीब पहुंच रहे हैं जहां प्रत्येक व्यक्ति लिंग की परवाह किए बिना वह देखभाल प्राप्त करता है जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

**डॉ विजय** गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलौट

# रील्सः फेसबुक और इंस्टाग्राम पर व्यवसाय विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण

**डॉ विजय गर्ग**

आज की तेज गति वाली डिजिटल दुनिया में, लघु वीडियो सामग्री ध्यान आकर्षित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक बन गई है। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म ने (ऋद्भद्गद्यह्य) को पेश किया है, जो एक ऐसी सुविधा है जो उपयोगकर्ताओं को आकर्षक लघु वीडियो बनाने और साझा करने की अनुमति देती है। मनोरंजन की प्रवृत्ति के रूप में शुरू हुआ यह अब एक शक्तिशाली व्यावसायिक उपकरण बन गया है, जो ब्रांडों को दर्शकों से जुड़ने, दृश्यता बढ़ाने और बिक्री बढ़ाने में मदद करता है।

व्यवसाय के लिए रील्स क्यों मायने रखती हैंरील्स को त्वरित, दृश्यात्मक रूप से आकर्षक और उपभोग करने में आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ध्यान अवधि कम होने के कारण, व्यवसायों को ऐसी सामग्री की आवश्यकता होती है जो दर्शकों को तुरंत आकर्षित कर सके और रील्स ठीक वैसा ही करती हैं। पारंपरिक पोस्टों के विपरीत, रील्स को अक्सर प्लेटफॉर्म एल्गोरिदम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जिससे छोटे व्यवसाय भी बिना भारी विज्ञापन लागत के बड़े दर्शकों तक पहुंच सकते हैं।

### ब्रांड दृश्यता बढ़ाना

रील्स का सबसे बड़ा फायदा ब्रांड दृश्यता बढ़ाने की उनकी क्षमता है। जब कोई व्यवसाय लगातार रचनात्मक और प्रासंगिक वीडियो पोस्ट करता है, तो वह प्लेटफॉर्म के अन्वेषण या खोज अनुभागों में दिखाई दे सकता है। इससे ब्रांडों को उन संभावित ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिलती है जो शायद पहले से ही उनका अनुसरण नहीं कर रहे हैं। एक अच्छी तरह से तैयार रील वायरल हो सकती है, जिससे ब्रांड की पहचान में काफी वृद्धि होती है।

### लागत प्रभावी विपणन रणनीति

स्टार्टअप और छोटे व्यवसायों के लिए विपणन बजट अक्सर सीमित होता है। रील्स उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने का एक लागत प्रभावी तरीका प्रदान करती है। सिर्फ एक स्मार्टफोन और बुनियादी संपादन उपकरणों के साथ, व्यवसाय उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री बना सकते हैं। इससे रील्स सभी स्तरों पर उद्यमियों के लिए एक सुलभ विपणन समाधान बन जाता है।

### ग्राहक सहभागिता का निर्माण

रील्स लाइक, कमेंट, शेयर और सेव के माध्यम से बातचीत को प्रोत्साहित करती है। व्यवसाय इस सुविधा का उपयोग अपने दर्शकों के साथ सीधे जुड़ने के लिए कर सकते हैं, जैसे पर्दे के पीछे के क्षण, उत्पाद प्रदर्शन, ग्राहक प्रशंसापत्र या त्वरित सुझाव। इस प्रकार की सामग्री अधिक व्यक्तिगत और प्रासंगिक लगती है, जो ग्राहकों के बीच विश्वास और निष्ठा बनाने में मदद करती है।

### रचनात्मकता और नवाचार का प्रदर्शन

रील्स व्यवसायों को रचनात्मक कहानी कहने का प्रयोग करने की अनुमति देती है। चाहे वह ट्रेंडिंग संगीत, चुनौतियां या कहानी कहने की तकनीक का उपयोग करना हो, ब्रांड अपने उत्पादों को अनूठे तरीकों से प्रस्तुत कर सकते हैं। रचनात्मक सामग्री न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि दर्शकों पर स्थायी प्रभाव भी छोड़ती है।

### बिक्री और रूपांतरण को बढ़ावा देना

रील्स केवल दृश्यों के बारे में नहीं हैं– वे बिक्री को भी बढ़ा सकते हैं। स्पष्ट कॉल-टू-एक्शन, उत्पाद लिंक या प्रचार प्रस्ताव शामिल करके, व्यवसाय दर्शकों को खरीदारी करने के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं। कई ब्रांड उत्पाद सुविधाओं को उजागर करने, छूट की घोषणा करने या नए संग्रह लॉन्च करने के लिए रील्स का उपयोग करते हैं, जिससे दर्शक प्रभावी रूप से ग्राहक बन जाते हैं। जैसे-जैसे अधिक व्यवसाय डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों को अपना रहे हैं, प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नवाचार की आवश्यकता है। रील्स युवा दर्शकों से जुड़ने का एक आधुनिक तरीका प्रदान करती है जो पाठ या छवियों की बजाय वीडियो सामग्री को पसंद करते हैं। जो व्यवसाय इस प्रवृत्ति के अनुकूल होते हैं, उनके प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढ़ने की अधिक संभावना होती है।प्रभावी रील्स बनाने के लिए सुझाववीडियो को छोटा, आकर्षक और दृश्यात्मक रूप से आकर्षक रखें

### ट्रेंडिंग ऑडियो और हैशटैग का उपयोग करें

प्रत्यक्ष बिक्री के बजाय कहानी कहने पर ध्यान केंद्रित करें

पोस्टिंग में स्थिरता बनाए रखें

भविष्य की सामग्री में सुधार करने के लिए प्रदर्शन का विश्लेषण करें

### निष्कर्ष

रील्स ने फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर व्यवसायों के अपने दर्शकों के साथ संवाद करने के तरीके को बदल दिया है। वे उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने का एक गतिशील, किफायती और अत्यधिक आकर्षक तरीका प्रदान करते हैं। लघु-रूप वीडियो सामग्री की शक्ति का लाभ उठाकर, व्यवसाय अपनी पहुंच बढ़ा सकते हैं, ग्राहक संबंधों को मजबूत कर सकते हैं, और डिजिटल युग में टिकाऊ विकास प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलौट पंजाब

# लापरवाही और संवेदनहीनता अपराध की गंभीरता को और त्रासद बना देती है

> यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि एक मासूम के खिलाफ पहले अपराधी बर्बरता से पेश आता है, फिर दो निजी अस्पतालों को उसके जीने-मरने की परवाह नहीं होती और पुलिस भी घनघोर लापरवाही बरतती है

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले ने फिर यही साबित किया है कि शासन-तंत्र और पुलिस से लेकर अस्पतालों तक पसरी व्यापक लापरवाही और संवेदनहीनता दरअसल अपराध की गंभीरता को और त्रासद बना देती है।

यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि एक मासूम के खिलाफ पहले अपराधी बर्बरता से पेश आता है, फिर दो निजी अस्पतालों को उसके जीने-मरने की परवाह नहीं होती और पुलिस भी घनघोर लापरवाही बरतती है।

यह मामला भी शायद संवेदनहीनता के दुश्चक्र में उलझ कर दम तोड़ देता, लेकिन इसमें न्याय के लिए गुहार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची और अदालत ने इस पर सख्त रुख अख्तियार किया। खबरों के मुताबिक, मजदूरी करके गुजारा करने वाले एक व्यक्ति की चार वर्षीय बेटी से पड़ोस के एक युवक ने बलात्कार किया और ईंट से वार कर उसे मरने के लिए छोड़ दिया।

बेटी को खोजने के बाद जब पिता उसे लेकर इलाज के लिए गए, तो दो निजी अस्पतालों ने उपचार करने से मना कर दिया। आखिर में बच्ची को एक सरकारी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। यानी अपराध की वीभत्सता के बाद जिन अस्पतालों को सबसे पहले बच्ची की जान बचाने की कोशिश करनी चाहिए थी, वहां उन्होंने मना कर दिया।

त्रासदी यहीं नहीं रुकी। इसके बाद पोस्टमार्टम रपट में साक्ष्य के बावजूद पुलिस ने प्राथमिकी में बलात्कार की धारा नहीं जोड़ी और न ही पाक्सो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार का उत्पीड़न किया और कहानियां बनाती रही। अव्वल तो लचर कानून-व्यवस्था की वजह से जघन्य अपराध की घटना होती है। फिर उसके बाद भी पुलिस को जरूरी कार्रवाई करने से कौन रोकता है।

यह बेवजह नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार, संबंधित थाना प्रभारी, दोनों निजी अस्पतालों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट के प्रति सख्त रुख अख्तियार किया है। अदालत ने यहां तक कहा कि मामले के तथ्य और परिस्थितियों ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर दिया। उत्तर प्रदेश सरकार आए दिन राज्य में अपराध पर पूरी तरह काबू पाने के दावे करती रहती है, लेकिन एक मासूम के खिलाफ हुई बर्बर घटना और उसके बाद पुलिस की संवेदनहीनता क्या दर्शाती है?

लोग अब छोटी-छोटी बातों पर अपना आपा खो देते हैं। ऐसी घटनाओं का अंत कई बार किसी की हत्या तक के रूप में सामने आता है। इस तरह के मामलों में नाबालिगों के भी शामिल पाए जाने से स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# स्थायी शांति के लिए संवाद की गुंजाइश बनाने के लिए हर स्तर पर पहलकदमी हो

> मगर वार्ता की विफलता की जैसी जैसी खबरें आईं, वे निराश करने वाली हैं। दरअसल, रविवार को बातचीत खत्म होने के बाद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच फासला कम करने और समझौता कराने की पूरी कोशिश की गइ

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद हाल ही में जब युद्धविराम पर सहमति बनी थी, तब एक उम्मीद पैदा हुई कि संभवतः दोनों पक्ष जल्दी ही स्थायी समाधान तक पहुंचने की कोशिश करेंगे। हालांकि इस बीच लेबनान पर इजरायल के हमले जारी रहने की वजह से युद्धविराम खतरे में पड़ता दिखा। इसके बावजूद पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता से यह उम्मीद बंधी थी कि संभवतः युद्ध खत्म होने की कोई राह निकलेगी।

मगर वार्ता की विफलता की जैसी जैसी खबरें आईं, वे निराश करने वाली हैं। दरअसल, रविवार को बातचीत खत्म होने के बाद अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच फासला कम करने और समझौता कराने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन हम किसी समझौते तक नहीं पहुंच सके। दूसरी ओर, ईरान की ओर से कहा गया कि अमेरिका की ह्यअत्यधिक गैरवाजिब मांगोंह्न और उसके रुख में लचीलापन न होने के कारण दोनों देशों के बीच हुई बातचीत किसी समझौते के बिना खत्म हो गई।जाहिर है, इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच लगभग इक्कीस घंटे चली बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। इसीलिए इसे एक विफल वार्ता कहा जा रहा है। सवाल है कि जब दोनों पक्षों के सामने विवाद के मुद्दे स्पष्ट थे, तो क्या वे इन पर व्यावहारिक रुख अख्तियार करते हुए युद्ध खत्म करने के मकसद के साथ एक कदम पीछे, चार कदम आगे के सूत्र पर काम नहीं कर सकते थे।

अमेरिका किसी भी समझौते तक पहुंचने के लिए ईरान से परमाणु हथियार नहीं बनाने और इस क्षमता को हासिल करने के लिए जरूरी उपकरण जुटाने से दूर रहने का आश्वासन चाहता है। वहीं ईरान का कहना है कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई रचनात्मक योजनाएं पेश कीं, लेकिन अमेरिकी ईरान का विश्वास हासिल नहीं कर सके। जब युद्ध खत्म करने की इच्छा के पीछे ईमानदारी हो, तो वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए शर्तों को पूरा किए जाने की मांग के जिद में तब्दील होने से बचने के हालात बनाने की जरूरत होती है।

बातचीत के प्रमुख मुद्दों में ईरान में युद्ध का पूरी तरह अंत, ईरान की जब्त संपत्तियां परमाणु कार्यक्रम, युद्ध मुआवजा, प्रतिबंधों को हटाना और होर्मुज जलमार्ग शामिल थे। मगर क्या इन मसलों पर दोनों पक्षों की ओर से व्यावहारिक नजरिया अपनाए बिना किसी ठोस हल तक पहुंचा जा सकता है? यह समझना मुश्किल है कि जब ईरान के मुताबिक चौदह दिनों के युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी हमले रोकना भी शामिल था, तो इजरायल को लेबनान के नागरिक ठिकानों पर हमला करके शांति की उम्मीद पर चोट करने की क्या जरूरत थी।

गौरतलब है कि इजरायल के इसी हमले के बाद ईरान ने दोबारा होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा कर दी थी। सिर्फ इस जलमार्ग के बाधित होने की वजह से भारत सहित दुनिया के बहुत सारे देशों में प्राकृतिक गैस और तेल की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। यह सही है कि अमेरिका और ईरान के जैसे संबंध रहे हैं, उसमें सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद करना मुश्किल है। मगर लंबे अरसे के बाद दोनों देशों के बीच बातचीत का अवसर निकला था।

इसलिए शांति वार्ता के नाकाम होने के बावजूद जरूरत इस बात की है कि सबसे पहले कम से कम युद्धविराम को बनाए रखने के लिए सभी पक्ष संवेदनशील रहें। और किसी भी पक्ष की ओर से आक्रामक बयानबाजी के बजाय स्थायी शांति के लिए संवाद की गुंजाइश बनाने के लिए हर स्तर पर पहलकदमी हो।



# 200 मीटर रेस में बोल्ट से भी तेज निकले गाउट

## ऑस्ट्रेलिया के 18 वर्षीय गाउट ने रेस 19.67 सेकंड में पूरी कर बोल्ट का इस उम्र का रिकॉर्ड तोड़ा



**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स की दुनिया में रविवार को एक ऐसा चमत्कार हुआ, जिसने भविष्य की सुनहरी झलक पेश कर दी। सिडनी ओलिंपिक पार्क एथलेटिक सेंटर में 18 वर्षीय स्प्रिंट सनसनी गाउट गाउट ने 200 मीटर के फाइनल में 19.67 सेकंड का अविश्वसनीय समय निकालकर इतिहास रच दिया। यह समय न केवल महान उसैन बोल्ट के रिकॉर्ड से तेज है, बल्कि इसने ऑस्ट्रेलियाई एथलेटिक्स के एक नए युग का सूत्रपात भी कर दिया है।खेल इतिहास में तुलनाएं अक्सर की जाती हैं, लेकिन गाउट ने आंकड़ों से अपनी श्रेष्ठता साबित की। साल 2004 में उसैन बोल्ट ने 18 साल की उम्र में 19.93 सेकंड का समय निकाला था। ऑस्ट्रेलियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गाउट ने उनसे कहीं आगे निकलते हुए 19.67 सेकंड में फिनिश लाइन पार की और गोल्ड मेडल जीता। यह इस साल दुनिया का सबसे तेज समय है। गाउट के लिए यह जीत एक भावनात्मक पल भी थी। पिछले साल उन्होंने 19.84 सेकंड का समय निकाला था, लेकिन वह 'अवैध टेलविंड' के कारण आधिकारिक नहीं हो सका था। इस बार 1.7 मीटर प्रति सेकंड की वैध हवा की गति के साथ उन्होंने रफ्तार पर मुहर लगा दी।रेस की शुरुआत सामान्य थी। उम्मीद थी कि गाउट जल्द ही बढ़त बना लेंगे, लेकिन एडन मर्फी ने गाउट को कदम-कदम पर कड़ी टक्कर दी। मर्फी की इस चुनौती ने गाउट के भीतर के 'एथलेटिक दानव' को जगा दिया। अंतिम मीटरों में गाउट ने अपनी सिग्नेचर टॉप-स्पीड पकड़ी और जब स्कोरबोर्ड पर समय चमका, तो पूरा स्टेडियम स्तब्ध रह गया। इस प्रदर्शन में एडन मर्फी की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। मर्फी ने 19.88 सेकंड का समय निकाला और दूसरे स्थान पर रहे। यह पहली बार है, जब एक ही रेस में दो ऑस्ट्रेलियाई धावकों ने 20 सेकंड से कम में रेस पूरी की है। मर्फी ने पीटर नॉर्मन के 1968 के उस रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की, जो दशकों से अभेद्य लग रहा था। उन्होंने गाउट को उनके सर्वश्रेष्ठ स्वरूप तक धकेलने में अहम भूमिका निभाई।गाउट जिस ट्रैक पर दौड़े, वह सिडनी 2000 ओलिंपिक का वार्म-अप ट्रैक था। जब वे पोडियम पर खड़े थे, तो ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने पुरानी पीढ़ी से मशाल थाम ली। विशेषज्ञों का मानना है कि गाउट अब लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के मेडल के लिए भी प्रबल दावेदार बन चुके हैं।

# आईपीएल 2026 : रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए पूरे किए 6 हजार रन



**मुंबई।** आईपीएल 2026 के 20वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) की भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ हो रही है। वानखेड़े के मैदान पर रोहित शर्मा ने खास उपलब्धि को अपने नाम किया। रोहित ने एमआई की तरफ से खेलते हुए आईपीएल में 6 हजार रन पूरे कर लिए हैं। आईपीएल इतिहास में रोहित इस मुकाम तक पहुंचने वाले महज दूसरे खिलाड़ी है। एमआई की ओर से खेलते हुए इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी रोहित शर्मा के नाम है।

एक फ्रेंचाइजी की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। इस लिस्ट में रोहित से आगे सिर्फ विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए 8,840 रन बनाए हैं। कोहली-रोहित के बाद इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर एमएस धोनी का नाम है।

धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए 4,865 रन बनाए हैं। वहीं, सुरेश रैना ने सीएसके के लिए 4,687 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा को हाल ही में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए 15 साल पूरे हुए हैं। अपनी कप्तानी में रोहित मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं। इससे पहले, आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 240 रन लगाए। फिल साल्ट और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 120 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई।

कोहली ने 38 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि साल्ट ने सिर्फ 36 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। रजत पाटीदार भी शानदार लय में दिखाई दिए, और उन्होंने महज 20 गेंदों में 53 रनों की दमदार पारी खेली। अंत के ओवरों में टिम डेविड ने 16 गेंदों में 212 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 34 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा ने 10 रनों का योगदान दिया, तो रोमारियो शेफर्ड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में ट्रेंट बोल्ट, बुमराह, शार्दुल और सैंटनर ने एक-एक विकेट चटकाया।

# आरसीबी के टिम डेविड और हार्दिक पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला गया था। डेविड पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

**डेविड ने दो बार किया नियम का उल्लंघन**

डेविड पर मुंबई के खिलाफ आईपीएल की आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के कारण कार्रवाई की गई है। डेविड ने अंपायर के फैसले पर निराशा व्यक्त की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, डेविड पर आईपीएल की आचार संहिता आर्टिकल 2.4 के उल्लंघन का आरोप है। उन्होंने मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताई थी। पहली बार ऐसा तब हुआ जब आरसीबी की पारी के दौरान 18वें ओवर में अंपायर ने गेंद बदली।

आईपीएल ने कहा, अंपायर गेंद को देखना चाहते थे और बार-बार कहने के बावजूद डेविड ने अंपायर को गेंद नहीं सौंपी। दूसरी बार उन्होंने नियम का उल्लंघन 20वें ओवर में किया जब उन्होंने फिर अंपायर को गेंद नहीं सौंपी। डेविड ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों और मैच रेफरी द्वारा जुर्माने को स्वीकार किया।

**धीमी ओवर गति को लेकर हार्दिक पर हुई कार्रवाई**

वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति को लेकर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के तहत इस सीजन टीम का यह पहला उल्लंघन था जिस कारण उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरसीबी ने रविवार को खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को हराया था। मुंबई की मौजूदा सीजन में तीसरी हार है।

# आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर जीता, फाइनल में चीनी खिलाड़ी से हारे



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी को बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई थी। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था।

रविवार को चीन के झेजियांग में खेले गए फाइनल में आयुष का मुकाबला दुनिया के नंबर-2 खिलाड़ी शी यू की से था। 20 साल के आयुष यह मैच 8-21, 10-21 से सीधे गेम में हार गए।

इस हार के बावजूद आयुष ने अपने करियर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वो बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय मेंस शटलर बन गए हैं। इससे पहले 1965 में दिनेश खन्ना ने इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता था। खन्ना के बाद फाइनल तक का सफर तय करने वाले आयुष पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

टूर्नामेंट में भारत का 19वां मेडल

बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप 1962 से खेली जा रही है। टूर्नामेंट में यह भारत का कुल 19वां मेडल है। भारत ने अब तक 2 गोल्ड, 1 सिल्वर (आयुष) और 16 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। 1965 में दिनेश खन्ना ने सिंगल्स में और 2023 में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने मेंस डबल्स में गोल्ड जीता था।

**सेमीफीइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को हराया**

इस पूरे टूर्नामेंट में आयुष का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 1, वर्ल्ड नंबर 4 और वर्ल्ड नंबर 7 जैसे टॉप रैंक वाले खिलाड़ियों को हराया था। शनिवार को हुए सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने डिफेंडिंग चैंपियन और नंबर-1 प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

## व्यापार

# पहली बार एआई से बनाई 17,000 करोड़ की कंपनी, सिर्फ दो भाई संभालते हैं काम



**नई दिल्ली।** लॉस एंजेलिस में रहने वाले 41 साल के मैथ्यू गैलाघर ने एआई से 17 हजार करोड़ की कंपनी बना दी। कंपनी का नाम मेडली है जिसे बनाने में सिर्फ दो महीने और 18 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

मेडवी एक टेलीहेल्थ स्टार्टअप है जो वजन घटाने वाली दवाओं की ऑनलाइन बिक्री और परामर्श देता है। यह इसलिए चर्चा में है क्योंकि इसका सालाना रेवेन्यू करीब ?17 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इस कंपनी में सिर्फ 2 लोग हैं। मैथ्यू और उनके भाई इलियट।

**कोड, कंटेंट, इमेज सारे काम ‹ढ्ढ से कराए**

मैथ्यू ने सॉफ्टवेयर का कोड, वेबसाइट का कंटेंट, विज्ञापन के लिए इमेज और वीडियो भी एआई से बनाए। यहां तक कि कस्टमर सर्विस के लिए एआई बॉट्स तैनात किए।

कोडिंग और कंटेंट के लिए चैटजीपीटी, क्लॉड और ग्रॉक की मदद ली गई।

विज्ञापन के लिए मिडजर्नी और रनवे जैसे टूल्स से इमेजेस और वीडियो एड्स बनाए।

कस्टमर सर्विस के लिए‹ढ्ढ वॉइस टूल्स और चैटबॉट्स का इस्तेमाल किया।

मैथ्यू ने अपॉइंटमेंट फिक्स करने के लिए अपनी आवाज का एआई क्लोन भी बनाया।

**दवाओं की डिलीवरी के लिए दूसरे प्लेटफॉर्म्स से पार्टनरशिप**

दवाओं की डिलीवरी और डॉक्टरों का काम देखने के लिए मैथ्यू ने 'केयर वैलिडेट' और 'ओपनलूप' जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ पार्टनरशिप की है। ये कंपनियां डॉक्टरों का नेटवर्क, दवाएं और शिपिंग संभालती हैं। मेडवी‹ढ्ढ से मार्केटिंग और कस्टमर एक्विजिशन का काम करती है।

पहले साल करीब 3,700 करोड़ रुपए की सेल्स

सितंबर 2024 में शुरू हुई इस कंपनी को पहले महीने में 300 और दूसरे महीने में 1,000 नए ग्राहक मिले। पहले पूरे साल में कंपनी ने करीब 3,700 करोड़ रुपए की सेल्स की।

अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने कंपनी को भ्रामक विज्ञापनों के लिए चेतावनी भी दी है। इसके अलावा, कैलिफोर्निया में कंपनी पर एंटी-स्पैम कानून के उल्लंघन का मुकदमा भी दर्ज हुआ है। शुरुआत में कंपनी के एआई चैटबॉट्स ने गलत कीमतें बताने जैसी गलतियां भी की थीं।

# खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40% पर पहुंची



खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है।

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर**

आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है।

**खाद्य महंगाई में उछाल और आवास क्षेत्र में राहत**

घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है। खाद्य महंगाई (सीएफपीआई): अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) मार्च में 3.87 प्रतिशत (अनंतिम) दर्ज किया गया, जो फरवरी के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। यहां भी ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई (3.96 प्रतिशत) शहरी क्षेत्रों (3.71 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही, जो बताता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य लागत तेजी से बढ़ रही है। आवास महंगाईः इसके विपरीत, आवास (हाउसिंग) क्षेत्र में महंगाई दर 2.11 प्रतिशत (अनंतिम) के निचले स्तर पर रही। शहरी आवास महंगाई 1.95 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 2.54 प्रतिशत रही। इससे यह स्पष्ट होता है कि फिलहाल किराए और आवास से जुड़ी लागतों ने उपभोक्ताओं पर कोई बड़ा अतिरिक्त दबाव नहीं डाला है।

**किन वस्तुओं ने दी राहत और क्या हुआ महंगा?**

मार्च के आंकड़ों की सबसे बड़ी राहत रसोई के प्रमुख सामानों की कीमतों में आई भारी गिरावट है, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में महंगाई का असर अब भी कायम है।

# सेंसेक्स 703 अंक गिरकर 76,848 पर आया निफ्टी भी 208 फिसलकर 23,870 पर बंद



**नई दिल्ली।** सोमवार, 13 अप्रैल को सेंसेक्स 703 अंक (0.91%) की गिरावट के साथ 76,848 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 208 अंकों (0.86%) की गिरावट रही, ये 23,843 पर आ गया। आज के कारोबार में चौतरफा बिकवाली के बीच मेटल के शेयरों में सबसे कम गिरावट रही, जबकि ऑटो और स्नस्न्रष्टत्र शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई।

**ईरान-अमेरिका वार्ता बेनतीजा, इसलिए गिरा बाजार**

ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में चली 21 घंटे की लंबी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि वे बिना किसी डील के वापस लौट रहे हैं। इसका सीधा असर दुनियाभर के बाजारों पर दिख रहा है।

**ब्रेंट क्रूड एक बार फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार**

ईरान के साथ शांति वार्ता फेल होने के बाद अमेरिकी नौसेना ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी करने की तैयारी कर ली है। ऐसे में ब्रेंट क्रूड एक बार फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है। ये आज 7% से ज्यादा चढ़कर 102 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

विदेशी संस्थागत निवेशक अप्रैल में अब तक 48,213 करोड़ रुपए की शेयर बेच चुके हैं, जो बाजार के लिए चिंता का विषय है।

हालांकि शुक्रवार को उन्होंने 672 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी। दूसरी ओर, रुपए की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। जानकारों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपया आने वाले दिनों में 93.50 से 94 के स्तर तक गिर सकता है।

# शांति वार्ता विफल होने के बाद पाकिस्तान का शेयर बाजार धड़ाम, 6000 अंक टूटा केएसई 100



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता के विफल होने का सीधा और नकारात्मक असर पाकिस्तान के वित्तीय बाजारों पर देखने को मिला है। सोमवार को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में भारी बिकवाली का दौर रहा, जिसके चलते प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स केएसई 100 (केएसई 100) में लगभग 6,000 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस भू-राजनीतिक झटके ने निवेशकों के उत्साह को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

पाकिस्तान का प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक केएसई 100 सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 3.5 प्रतिशत तक गोता लगाते हुए दिन के निचले स्तर 1,61,638 पर पहुंच गया। बाजार में इस भारी गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच एक स्थायी शांति समझौते का अंजाम तक नहीं पहुंच पाना है गौरतलब है कि इस संवेदनशील शांति वार्ता में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर ने मध्यस्थ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन इन दोनों शीर्ष नेतृत्व के कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद जब यह वार्ता किसी ठोस शांति समझौते में तब्दील नहीं हो सकी, तो बाजार में तुरंत निराशा छा गई और निवेशकों ने मुनाफावसूली व बिकवाली शुरू कर दी।

सोमवार की यह भारी गिरावट पिछले सप्ताह के कारोबारी रुझान के बिल्कुल विपरीत है। बीते सप्ताह के बुधवार को जब अमेरिका और ईरान के बीच एक अस्थायी युद्धविराम की खबरें सामने आई थीं, तब पूरे क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीद जगी थी। उस सकारात्मक खबर से निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ था और केएसई 100 इंडेक्स ने 12,000 से अधिक अंकों की जबरदस्त छलांग लगाई थी। यह बढ़त निरपेक्ष रूप से इंडेक्स की अब तक की सबसे बड़ी इंट्राडे बढ़त थी। लेकिन वार्ता के विफल होने से यह रिकॉर्ड तेजी कुछ ही दिनों में काफूर हो गई।



# जिसमें पैसे लिए, उसकी जांच नहीं: सुबोध अग्रवाल

### जल जीवन मिशन घोटाले में रिटायर्ड आईएएस की पेशी हुई, फिर से रिमांड पर भेजा गया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जल जीवन मिशन से जुड़े 960 करोड़ रुपए के घोटाले में गिरफ्तार रिटायर्ड आईएएस सुबोध अग्रवाल को सोमवार एक बार फिर एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। सुबोध अग्रवाल को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

पेशी पर ले जाते समय सुबोध अग्रवाल ने मीडिया से कहा मैंने जांच में पूरा सहयोग किया है। मेरे से जो भी सवाल पूछे गए, उनके जवाब दिए हैं।

उन्होंने दावा किया कि फाइनेंस कमेटी के 37 मामलों में से केवल 4 उनके कार्यकाल के हैं, जबकि 33 प्रकरण उनसे पहले के अधिकारी के समय के हैं, जिनकी राशि करीब 600 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

उधर, 10 अप्रैल को सुबोध अग्रवाल को एसीबी कोर्ट ने 3 दिन की रिमांड पर भेजा था। रिमांड समाप्त होने के बाद मंगलवार सुबह 9:00 बजे जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित एसीबी कोर्ट में सुबोध अग्रवाल को पेश किया गया। पेशी पर आए सुबोध अग्रवाल ने मीडिया से कहा मैंने एसीबी से बार-बार कहा है कि जिसमें पैसा नहीं लिया उसका नाम ले रहे हो, जिसमें पैसा लिया उसकी जांच नहीं कर रहे। सुबोध अग्रवाल जलदाय विभाग के फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन 18 अप्रैल 2022 से 17 मई 2023 तक रहे। एसीबी ने सुबोध अग्रवाल से सवाल-जवाब के लिए करीब 125 सवालों की विस्तृत सूची तैयार की थी। इन्हीं सवालों के आधार पर पिछले तीन दिनों में उनसे लंबी पूछताछ की गई।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह आज

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रहेगी गरिमामय उपस्थिति

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में प्रातः 10.30 बजे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कैबिनेट के मंत्रीगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की प्रतिनिधिगण और आमजन उपस्थित रहेंगे। गहलोत ने बताया कि बाबा साहब की जन्म जयंती को (12 से 14 अप्रेल) प्रदेश भर में जिला व उपखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में भवानी निकेतन परिसर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पेंशन एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1363 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। 29 करोड की लागत से निर्मित 10 नवीन छात्रावासों का लोकार्पण व 47 करोड़ की लागत से निर्मित 17 नवीन छात्रावासों का शिलान्यास भी किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि बाबा साहब की जन्म जयंती के मौके पर सामाजिक न्याय संकुल परिषद जामडोली में पुस्तकालय का डिजिटल उद्घाटन के साथ विभागीय योजनाओं में लाभार्थियों को डीबीटी के जरिए राशि हस्तांतरण भी की जाएगी। कार्यक्रम में समाधान साथी एआई व्हाट्सएप चैटबॉट का भी शुभारंभ किया जाएगा। जिसके जरिए नागरिकों को छात्रवृत्ति और पेंशन योजनाओं की जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। इस दौरान डॉ बीआर अंबेडकर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पुणे के साथ एमओयू भी किया जाएगा गहलोत ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान और उत्कृष्ट सामाजिक सेवा एवं योगदान के लिए अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार, अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए निशुल्क या न्यूनतम शुल्क पर प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए अंबेडकर न्याय पुरस्कार व अनुसूचित जनजाति जाति वर्ग के कक्षा दसवीं और 12वीं में प्रथम स्थान आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अंबेडकर शिक्षा पुरस्कार दिया जाएगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के मेधावी विद्यार्थियों और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभार्थियों को भी राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों को इस अवसर पर कृत्रिम और सहायक अंग उपकरणों का भी वितरण किया जाएगा। साथ ही डॉ अंबेडकर की जीवनी पर दुर्लभतम फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

गहलोत ने आमजन से भावपूर्ण अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर हम सभी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके विचारों, संघर्षों और आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है।

# राजस्थान विधानसभा को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी निकली फर्जी, सुरक्षा एजेंसियों की सघन जांच के बाद स्थिति सामान्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा को ईमेल के माध्यम से आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना पर राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मामले की जानकारी तत्काल राज्य के पुलिस महानिदेशक को दी। स्पीकर देवनानी ने लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखी। उन्होंने विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए उनका मनोबल बढ़ाये रखा। विधानसभा परिसर को एहतियातन खाली कराया गया तथा बम निरोधक दस्ता एवं विशेष पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर सघन जांच की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर एजेंसियां जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। देवनानी ने बताया कि विधान सभा परिसर की चैकिग एण्टी सबोटाज चैक टीम द्वारा आवश?यक उपकरणों की सहायता से की गई। उन्होंने बताया कि एण्टी सबोटाज चैक के दौरान विधान सभा परिसर में किसी भी प्रकार का कोई विस्फोटक पदार्थ और आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। देवनानी ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय की एण्टी सबोटाज चैक टीम के प्रभारी द्वारा इस संबंध में विधान सभा को प्रमाण-पत्र भी दिया गया है। देवनानी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूरे विधानसभा परिसर की गहन और तकनीकी जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि धमकी पूरी तरह फर्जी थी। किसी भी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। जांच पूरी होने के बाद विधान सभा सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारी पुनः अपने कार्यस्थलों पर लौट आए हैं और स्थिति सामान्य हो गई है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि ई मेल में जो सामग्री लिखी गई है, उसका राजस्थान विधान सभा से कोई संबंध नहीं है। उन्होने कहा कि ईमेल में कुछ असंबंधित और भ्रामक बातें लिखी गई थीं, जैसे किसी भी ब्राह्मण को डीएमके में शामिल नहीं होना चाहिए...एस.वी. शेखर के डीएमके में शामिल होने का उल्लेख करते हुए विधानसभा को उड़ाने की धमकी दी गई। देवनानी ने कहा कि इस प्रकार का ई-मेल भ्रामक है।

# नीलाभ सक्सेना ने उद्योग और बीआईपी आयुक्त का कार्यभार संभाला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने सोमवार को उद्योग भवन में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग और निवेश संवर्धन ब्यूरो (बीआईपी) आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि राजस्थान का युवा, नौकरी मांगने वाला न बनें बल्कि नौकरी देने वाला बनें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक युवाओं को उद्योग से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख युवाओं को 10 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक युवा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। सक्सेना ने कहा कि राईजिंग राजस्थान के तहत किए गए निवेश समझौतों की वर्तमान स्थिति के अनुसार कैटेगरी बनाकर समीक्षा की जाएगी। इन समझौतों को धरातल पर उतारा जाएगा ताकि युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर मिल सकें। पिछले 2 वर्षों में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सेक्टर वाइज 10 से अधिक नई नीतियां लागू की गई हैं। इन नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा, ताकि इनके तहत किए प्रावधानों से अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हो सकें।

# रीको औद्योगिक क्षेत्रों का होगा वर्गीकरण, सुविधाओं में भी किया जाएगा व्यापक सुधार

### औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं पर खर्च होंगे 1200 करोड़ रूपये

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** किसी भी राज्य की आर्थिक स्थिति उसके औद्योगिक विकास एवं रोजगार के अवसरों पर निर्भर करती है। इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार प्रदेश की औद्योगिक स्थिति को निरंतर सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रीको औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, वॉटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को आधुनिक एवं सुदृढ़ स्वरूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

रीको द्वारा प्रदेश में औद्योगिक ढांचे के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रीको ने अपने औद्योगिक क्षेत्रों को उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज श्रेणियों में वर्गीकृत करने की योजना बनाई है। प्रदेश के 450 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों को इन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

रीको के प्रवक्ता ने बताया कि निगम प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि श्रेणीवार विभाजन के पश्चात् औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पानी, बिजली, स्ट्रीट लाइट, पौधरोपण, सड़क, सार्वजनिक पार्किंग, फायर स्टेशन एवं स्किल डेवलपमेंट सेंटर जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आगामी वर्ष में सभी औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार कर प्रत्येक क्षेत्र को एक श्रेणी ऊपर ले जाने का प्रयास किया जाएगा। रीको के प्रवक्ता ने बताया कि रीको का उद्देश्य है कि औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत उद्योगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे वे अपने उद्योगों में निरंतर प्रगति करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकें। इस दिशा में रीको उद्यमियों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

रीको के प्रवक्ता ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, उन्नयन एवं रखरखाव के लिए वर्ष 2025-26 में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यादेश जारी किए गए, जो वर्ष 2024-25 की तुलना में 2.5 गुना अधिक है। साथ ही वर्ष 2025-26 में 539 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाये गए हैं। रीको के प्रवक्ता ने बताया कि इसके अतिरिक्त, जयपुर में प्रधानमंत्री एकता मॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। रीको एवं एनआईसीडीसी की एसपीवी रिडको द्वारा जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (चरण-ए) में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु 370 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। रीको के प्रवक्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, रखरखाव एवं उन्नयन हेतु 1200 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यादेश जारी करने की योजना है। इन कार्यों से औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा नए निवेशकों को भी उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना : अशोक बुवानीवाला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर भैराणा धाम क्षेत्र में बढ़ती खनन एवं औद्योगिक गतिविधियों को लेकर संत समाज और श्रद्धालुओं में रोष गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज ने पिंकसिटी प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता आयोजित कर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर क्षेत्र को विनाश से बचाने की मांग उठाई गई। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि संत शिरोमणि दादूदयाल जी महाराज की पावन समाधि स्थली भैराणा धाम (दादू खोला) न केवल दादू पंथ का प्रमुख तीर्थ स्थल है, बल्कि इसे 'हरिद्वार' के समान आस्था का केंद्र माना जाता है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र सदियों से संत परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का प्रतीक रहा है, जहां प्रकृति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की गई थी परन्तु अभी तक इस मुद्दें पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। उल्ट इसके क्षेत्र में रीको द्वारा भूमि आवंटन के बाद औद्योगिक विकास की गतिविधियां ओर अधिक तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्टों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि पहाड़ों की कटाई, जल स्रोतों पर प्रभाव और खनन के कारण क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसके चलते न केवल भैराणा धाम की पवित्रता प्रभावित हो रही है, बल्कि यहां का पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है।

प्रेसवार्ता में यह भी बताया गया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय पक्षी मोर, अन्य वन्य जीव और दुर्लभ वनस्पतियां पाई जाती हैं, जो अब औद्योगिक गतिविधियों के कारण संकट में हैं। संत समाज ने चिंता जताई कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह क्षेत्र अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पहचान खो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तानाशाही के खिलाफ अब निर्णय लेने का समय आ गया है, जिसके चलते टांका के पास समतल की गई उसी विवादित जमीन पर 15 अप्रैल से क्षेत्र की जनता अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने जा रही है।

अशोक बुवानीवाला ने कहा कि संत समाज और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा इस मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण जनआंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा ताकि भैराणा धाम क्षेत्र में चल रही खनन और औद्योगिक गतिविधियों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा इसे संरक्षित धार्मिक और पर्यावरणीय धरोहर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए भैराणा धाम की पवित्रता और पर्यावरण की रक्षा के लिए जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लें।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य विपक्षी पार्टीयों एवं नेताओं को भी पत्र लिखकर भैराणा धाम को बचाने के लिए समर्थन मांगा गया है। इस मौके पर संत प्रकाश दास जी महाराज, रामरत्न दास, देवादास स्वामी अन्य संत-महात्मा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शासन सचिव सहकारिता ने की अधिकारियों की टू डू लिस्ट की समीक्षा

### सूची में शामिल कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सहकारिता विभाग के शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में अधिकारियों द्वारा तैयार की गई टू डू लिस्ट की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सूची में शामिल प्रत्येक कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

शासन सचिव ने कहा कि सुव्यवस्थित टू-डू लिस्ट से अधिकारियों को अपने लक्ष्यों के प्रति स्पष्टता मिलेगी, दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी तथा कार्यों के निष्पादन में गति आएगी। साथ ही, इससे निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने की संस्कृति विकसित होगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टू डू लिस्ट की अवधारणा को समझते हुए सूची में उल्लेखित प्रत्येक कार्य के साथ अब तक की प्रगति, आगामी कार्ययोजना (फ्यूचर प्लान ऑफ एक्शन) तथा उसे पूर्ण करने में लगने वाले संभावित समय का भी अनिवार्य रूप से उल्लेख करें। डॉ. शर्मा ने इस दौरान एक-एक बिन्दु पर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की तथा कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा कर अधिकारियों की ग्रेड निर्धारित की जाएगी, जो उनके वार्षिक कार्य मूल्यांकन का आधार बनेगी। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने अनुभाग स्तर पर भी टू-डू लिस्ट की निरंतर समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि विभागीय कार्यों में अपेक्षित गति और गुणवत्ता बनी रहे।

# कार्यशाला में छात्राओं ने सीखी अपसाइक्लिंग की तकनीक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के परिधान उत्पादन एवं निर्यात प्रबंधन (जीपीईएम) विभाग द्वारा दिनांक 13 अप्रैल, 2026 को 'स्टिच और ट्रांसफॉर्म्स' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अंतर्गत वेस्ट क्लोथ्स कलेक्शन ड्राइव के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला की सत्र विशेषज्ञ महाविद्यालय की पूर्व छात्रा पापिया बनर्जी रहीं। उन्होंने छात्राओं को पुराने एवं अप्रयुक्त वस्त्रों का पुनः उपयोग कर उन्हें आकर्षक और उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित करने की विभिन्न तकनीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने रचनात्मकता, सतत फैशन (सस्टेनबल फैशन) एवं अपसाइक्लिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। छात्राओं ने पुराने कपड़ों से बैग, एप्रीन तथा कुशन कवर बनाये। कार्यशाला में कुल 18 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई डिजाइनिंग तकनीकों को सीखा तथा पुराने वस्त्रों के नवाचारपूर्ण उपयोग को समझा।

# केन्द्रीय बजट 2026 आधारित 'माय भारत बजट क्वेस्ट' के अन्तर्गत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर सोमवार को केन्द्रीय बजट 2026 आधारित 'माय भारत बजट क्वेस्ट' के अंतर्गत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व एवं समावेशी विकास पर विषय पर अपने सम्बोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की संसद में पास होने वाला, इसके लिए मैं एक नारी होने के नाते प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ। दिया कुमारी ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को समान अवसर मिल सकेंगे। जिससे महिलाएं नीति निर्माण में महिलाओं को सहभागिता का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बराबरी अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के नेतृत्व एवं समावेशी विकास से ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही विकसित राष्ट्र के उक्त लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि केंद्रीय बजट-2026 प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन से प्रेरित है, जिसमें युवाओं और महिलाओं को नीति निर्माण के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर यह युवा संवाद कार्यक्रम केंद्रीय बजट 2026 की समझ बढ़ाने और युवाओं को नीति निर्माण में जोड़ने का मंच है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह पहल बजट प्रावधानों को सरल बनाकर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि बजट और योजनाएं सिटिजन सेंट्रिक होनी चाहिए, ताकि आमजन को सीधे लाभ मिल सके।

दिया कुमारी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सुदृढ़ योजना, नवाचार और समन्वय आवश्यक हैं। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर ही समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि यह राष्ट्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उक्त अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव पूनम ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश हैं। राष्ट्र निर्माण युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। युवा और महिलाएं खुद में विश्वास रखकर हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लिए लैंगिक समानता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला नेतृत्व एवं समावेशी विकास पर विषय पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किये।

प्रदेशभर से चयनित युवा प्रतिभागियों ने विकसित भारत-2047 के विजन पर अपने विचार साझा किये। इसके साथ ही विशेषग्यो ने विषय से सम्बंधित विभिन्न सवालों के उत्तर भी युवाओं को दिए।

# माया तेरे तीन रूप



एसके मंगल

जो सुख विरक्त एकांतवासी मुनि को प्राप्त होता है वह सुख देवराज इंद्र या चक्रवर्ती सम्राट को भी प्राप्त नहीं हो सकता है। धन, संपत्ति, रूप बल, पद, अधिकार और ज्ञान आदि की प्राप्ति होना भाग्य है मगर संत का दर्शन होना सौभाग्य होता है। संतों के घर में आगमन होना महाभाग्य होता है। संतों का उपदेश ग्रहण करना अति भाग्य होता है। संत हो जाना परम भाग्य है, परंतु संत के सानिध्य में रहकर भी आत्म सुधार न कर पाना परम दुर्भाग्य है। पुनर्जन्म को न मानने से जीवन धर्म तथा मोक्ष प्रदान न होकर अर्थ और काम प्रधान होता है। धन लौकिक सामर्थ्य प्रदान करता है। धर्म अलौकिक सामर्थ्य प्रदान करता है। धन की रक्षा हम करते हैं। धर्म हमारी रक्षा करता है। धन जड़ है, धर्म चिन्मय है। धर्म का महत्व धन से अधिक है। अतः धन के द्वारा धर्माजन करने वाला परम बुद्धिमान है। धनार्जन करना कला है परंतु धन का सदुपयोग करना उससे भी बड़ी कला है। सज्जनों और मूर्खों की संपत्ति अधिकांश दूसरों के ही काम आती है। मूर्ख व्यसनों में तथा अभिमानवस झगड़ा करके मुकदमों में धन का अपव्यय करके पछताते हैं और अपने अधपतन का मार्ग खोल देते हैं। सज्जन परोपकारी कार्यों में धन का सदुपयोग करके आत्म शांति एवं प्रसन्नता प्राप्त करते एवं आत्म कल्याण का मार्ग प्राप्त करते हैं। धन, संपत्ति, शक्ति, पद, अधिकार, यश, कीर्ति, रूप सौंदर्य तथा ज्ञान आदि से व्यक्ति आकर्षक बनता है परंतु उसका सदुपयोग करने पर व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। धन, वैभव तथा शरीर सब कुछ नाशवान है। किस पल मृत्यु हो जाए कोई भरोसा नहीं है। जितना अधिक से अधिक धर्म संग्रह करना चाहिए। माया के तीन रूप हैं- स्त्री, धन तथा नाम यश की की बात।माया अग्नि की भांति है। अग्नि से कार्य करने वाला जहां से चिमटा रखते हैं। विवेक रूपी चिमटा लेकर अनासक्ति पूर्वक माया का सदुपयोग करना चाहिए। पहले माया आकर्षित करती है फिर अतिआशक्ति होने पर रुलाती है। विवेक हीन जीवन पशु की तरह जीवन है।

# मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों के चेहरे पर ला रही है मुस्कान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल दिव्यांगजनों के शिक्षा एवं रोजगार में मददगार साबित हो रही है। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दिव्यांगजनों को कुल 81 स्कूटियों की चाबियाँ सौंपी गई हैं। यह योजना न केवल दिव्यांगजनों को गतिशीलता प्रदान कर रही है, बल्कि उनके स्वाभिमान और आत्मविष्वास में भी वृद्धि कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जिले के पात्र दिव्यांगजनों को मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत लाभान्वित किया गया है।

लाभार्थियों की जुबानी, योजना की कहानी-ज्ञानपुरा, तेवड़ी तहसील-विराटनगर निवासी ई-मित्र संचालक दीपक ने बताया कि स्कूटी मिलने से अब उन्हें घर से दूर अपने कार्यस्थल तक जाने में आसानी होती है। पेजुका, तहसील-कोटपुतली निवासी सिलाई का काम सीखने वाली कुसुम कुमारी गुर्जर ने कहा कि पहले उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब स्कूटी से समय की बचत होती है और काम पर जाना सुगम हो गया है। भैंसलाना, तहसील-पावटा निवासी चाय की दुकान चलाने वाले राजेंद्र कुमार मीणा के कक्षा 5 में पढ़ने वाले बेटे साहिल मीणा ने अपने पिता राजेंद्र कुमार को स्कूटी मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि उनके पिता चाय की दुकान चलाते हैं और अब वे बिना किसी परेशानी के काम पर जा सकते है। साथ ही, अब वे अपने पिता के साथ बाहर घूमने भी जा सकेंगे। सभी लाभार्थियों ने इस जन-कल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

# राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी : जिला कलक्टर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, पशुपालन, बैंक एवं मंडी विभागों की सोमवार को समन्वित बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। बैठक में कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजनाओं की क्रियान्विति में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जायें तथा समयबद्ध रूप से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जायें।

कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा-कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना तथा सूक्ष्म सिंचाई योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। कलक्टर ने किसानों के पंजीयन, लाभ वितरण एवं तकनीकी सलाह को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये।

उद्यानिकी क्षेत्र में विस्तार और नवाचार पर बल-उद्यानिकी विभाग की योजनाओं जैसे मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, ड्रिप एवं सिंप्रकलर सिंचाई एवं तारबंदी योजनाओं के अंतर्गत अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर जोर दिया गया। कृषि में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा, फसलों की मार्केटिंग, निर्यात सहित प्रगतिशील किसानों को परम्परागत फसलों के साथ-साथ ब्रॉकली, स्ट्रोबेरी, ड्रैगन फ्रूट आदि की खेती के बारे में जानकारी देकर प्रेरित करें।

सहकारिता के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के निर्देश-सहकारिता विभाग के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण, फसल बीमा योजना तथा समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने किसानों को बैंकिंग प्रणाली से समन्वय रखते हुए समय पर ऋण उपलब्ध कराने एवं पारदशज़् प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिये।

पशुपालन योजनाओं में तेजी लाने पर जोर-पशुपालन विभाग की समीक्षा में पशुधन बीमा योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, डेयरी विकास कार्यक्रम एवं टीकाकरण अभियान की प्रगति की जानकारी ली गई। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित करने तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के उपचार हेतु संचालित पशु चिकित्सालय में दी जाने वाली सुविधा और मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन के टोल फ्री नंबर 1962 के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने और वाहन की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया।



# अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश सहित जिला स्तर पर 11 से 14 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय दर्शन एवं जीवन पर आधारित संघोष्ठी, व्याख्यान, छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर आधारित चलचित्र प्रदर्शन व स्वच्छता कार्यक्रम सहित विद्यालयों में निबंध लेखन, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि सोमवार को जिले के राजकीय देवनारायण छात्रावास नारायणपुर, राजकीय देवनारायण छात्रावास विराटनगर, राजकीय अंबेडकर छात्रावास बानसूर में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर के आदर्शों, विचारो को करीब से जाना। इसी क्रम में 14 अप्रैल को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान प्रस्तावना का वाचन, संविधान शपथ सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# रामपुर में आबादी क्षेत्र में आया लेपर्ड

## घरों के पीछे घूमता दिखा ग्रामीणों में दहशत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** बानसूर क्षेत्र के रामपुर कस्बे में सोमवार तड़के आबादी क्षेत्र में एक लेपर्ड देखा गया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। लोग घरों से बाहर निकलने में सावधानी बरत रहे हैं और बच्चों को अकेले बाहर न जाने की हिदायत दी गई।

सीसीटीवी देखने पर पता चला-ग्रामीण अजीत स्वामी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 3 बजे उनके घर के पीछे लेपर्ड की हलचल दिखाई दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में लेपर्ड को आबादी क्षेत्र में घूमते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिससे जांगिड़ मोहल्ले में भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। क्षेत्र में लेपर्ड की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में चिंता है। उनका कहना है कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के इलाकों में जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे जान-माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

वन विभाग की टीम को सूचना दी-वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। फोरेस्टर मनोज नागा ने जानकारी दी कि लेपर्ड की मूवमेंट की सूचना मिलते ही एक टीम को मौके पर भेजा गया है। विभाग की टीम इलाके में लगातार निगरानी रखेगी और लेपर्ड को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास करेगी। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात के समय घरों से बाहर न निकलें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय का लॉन्च पैड बन रहा है नवाचार का केंद्र



## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय स्थित जिला इन्क्यूबेशन सैंटर युवाओं और विद्यार्थियों के लिये उद्यमिता का नया केंद्र बनकर उभरा है। इस पहल के माध्यम से क्षेत्र के उभरते स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, तकनीकी अवसर और बिजनेस डेवलपमेंट सपोर्ट देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 90 जागरूकता सत्र आयोजित किये जा चुके हैं, जिनसे 2200 से अधिक छात्र लाभान्वित हुये हैं। इन्क्यूबेशन सैंटर में अब तक 16 स्टार्टअप पंजीकृत हैं,

जिनके नाम श्री एस्ट्रोलॉजी, नेत्रा श्री पीडियाट्रिक थेरेपी, गर्वित एनिमल फीड, वंशिका आयुर्वेदा, सावंरिया वेस्ट टू वेल्थ, इकोस्टोन, आशीष आयुर्वेदा, थे गोबर गणेश मशीन मैन्युफैक्चरर्स एंड सप्लायर, कैरवी, नेहेंद्रा नेचुरल फूड प्रोडक्ट, पुरीविता ज्यूसी गार्डन, वंदे भूजल बैंक आदि है, जिनमें से 13 को स्वीकृति मिल चुकी है। उप निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी सुनील मीणा ने बताया कि योजना के तहत चयनित स्टार्टअप्स को उनके आइडिया और स्केल-अप स्टेज के आधार पर 2.4 लाख से 10 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। हाल ही में स्टार्टअप सांवरिया वेस्ट टू वेल्थ को 2.4 लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कॉलेज में स्थापित लॉन्च पैड विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन (मेंटरशिप) और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक युवा जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, वे सीधे कॉलेज के लॉन्च पैड पर संपर्क कर पंजीकरण और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह कदम राजस्थान में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, वेल्डिंग मिस्त्री की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** बहरोड़ कस्बे के बायपास रोड पर रविवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार वेल्डिंग मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान संदीप पुत्र रोहिताश, निवासी गांव हमींदपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संदीप नारनौल रोड पर गैस वेल्डिंग का काम करता था। रविवार शाम करीब 7:45 बजे वह अपनी बाइक से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान बायपास रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिर में गहरी चोटें आईं।

नीमराना के अस्पताल में तोड़ा दम-हादसे के बाद राहगीरों की मदद से परिजनों ने घायल संदीप को तुरंत बहरोड़ के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे नीमराना स्थित एक अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। चचेरे भाई विनोद कुमार ने बताया कि संदीप परिवार का मुख्य कमाने वाला था। वह दो भाइयों में छोटा था और अपने पीछे पत्नी, एक बेटी और दो छोटे बेटे छोड़ गया है। सबसे छोटा बेटा महज डेढ़ साल का है। थाना पुलिस के एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद शव के जयपुर से आने पर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा और आगे की कार्यवाही की जाएगी।



# जिले के पंच गौरव को लेकर जिला कलक्टर ने ली बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में विरारात एवं पर्यावरण के संरक्षण के साथ ही आर्थिक उन्नति एवं रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी कर प्रदेश के सभी जिलों के सर्वागीण विकास हेतु राज्य में पंच गौरव कार्यक्रम शुरू किया गया है।

जिले की विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुये पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक उत्पाद में ऑटोमोबाईल पार्टस, एक जिला-एक उपज में गाजर, एक जिला-एक वनस्पति में गूगल, एक जिला-एक खेल में कुश्ती, एक जिला-एक पर्यटन स्थल में बैराठ चिन्हित किये गये हैं। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पंच गौरव कार्यक्रम के लिये प्राप्त बजट से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन सहित आवश्यक कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने पंच गौरव के संरक्षण और संवर्धन व प्रचार-प्रसार के लिये वन, कृषि, उद्योग, पर्यटन और खेल विभाग को ठोस कार्ययोजना व बजट खर्च प्रस्ताव बनाने के लिये निर्देशित कर कहा की पंच गौरव के लिये विस्तृत रोड़मैप बनायें। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना में विज्ञापन, उत्सव, प्रचार स्टॉल, कार्यशाला, बुकलेट, पम्पलेट पर आवश्यक व्यय की कार्य योजना तैयार हो।



# विकास यादव को सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर' में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** जयपुर स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित तीन दिवसीय सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस शिविर में प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आगामी पंचायती राज एवं नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। शिविर में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री धर्मेंद्र राठौड़, महेश जोशी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी तथा विधायक प्रशांत शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा क्षेत्र से युवा कार्यकर्ता विकास यादव ने भी शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास यादव ने कहा कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। साथ ही पूर्ववतज़् सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर जागरूकता बढ़ाने और आगामी चुनावों में कांग्रेस की विचारधारा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

# खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक कैरियर का विकल्प भी - एडीएम सहारण



## एडीएम सहारण ने डीपीडब्ल्यूएस में स्पोर्ट्स एकेडमी का किया उद्घाटन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के शारीरिक विकास और खेल कौशल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से सोमवार को स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारम्भ एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने द्वीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि सहारण ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और छात्रों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक कैरियर का विकल्प भी है।

स्कूल निदेशक आनंद मित्तल ने बताया कि विद्यालय में शुरू की गई ये एकेडमी विद्यार्थियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, स्केटिंग, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है, जिससे छात्र अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। एकेडमी में भाग लेने वाले बच्चों के लिये स्कूल की ओर से ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। प्रिंसिपल शिल्पा सिंह ने कहा कि बच्चों को अपने हुनर को तराशने के लिये विद्यालय परिसर में ही उचित मंच और मार्गदर्शन मिल सकेगा। इससे पहले स्कूल के ग्राउण्ड परिसर में विधिवत पूजन के बाद हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एडीएम समेत स्कूल के निदेशक आनंद मित्तल और शिक्षकों ने आहुतियां दी। इस मौके पर स्पोर्ट एकेडमी के इंचार्ज रणदेव मन्हास, फुटबॉल कोच अनिल कुमार, स्केटिंग कोच वीरेंद्र सिंह, बैडमिंटन कोच कृष्ण कुमार, स्विमिंग कोच अल्का यादव, शूटिंग कोच मनुराज, क्रिकेट कोच देशराज मीणा, मनजीत चैधरी, सुदेश शर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।



# ग्राम नारेहड़ा में ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** ग्राम नारेहड़ा में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के अनेक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। नारेहड़ा के सैनी समाज अध्यक्ष नानकराम सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि महात्मा ज्योतिबा फुले संगठन के जिलाध्यक्ष हनुमान सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फुले ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और अधिकार पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज को शिक्षा, समानता और संगठन का संदेश देते हैं। इस मौके पर रामस्वरूप सैनी, रतनलाल, मक्खन, श्यामलाल, पप्पूराम, ग्यारसीलाल, कैलाश, श्यामलाल, बनवारी, प्रदीप, अशोक, सुभाष, गिरधारी, ईश्वर, विक्रम, जगदीश, खेमजी, नथूराम, रामावतार, सुन्दरलाल पार्षद, रोहिताश सहित कई समाजबंधु उपस्थित थे।



# माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार देशभर में आयोजित किए जा रहे माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के अंतर्गत जिले में सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की बजट प्रक्रिया से जोड़ना तथा उनके विचारों और सुझावों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में युवाओं ने केंद्र में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।



# श्री कृष्ण महिला छात्रावास मे मोटिवेशनल जागरूक सेमिनार का हुआ आयोजन

**कोटपूतली।** कोटपूतली के श्री कृष्ण महिला छात्रावास मे जागरूक सेमिनार का आयोजन हुआ सेमिनार मे छात्राओं को ट्रेक सूट व् मौजे सहित वितरण किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया. इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जगहों से समाज बंदु पधारे जिन्होंने समाज मे फैली कुतज्यो को दुर करने व बालिका शिक्षा व बालिका बचाओ पर जोर दिया। कार्यक्रम मे डॉ आरआर यादव पूर्व पीएमओ व गिरधारीलाल गुरूजी पूर्व समाज अध्यक्ष के सानिध्य में आयोजित हुआ। वही कार्यक्रम में एडवोकेट शंकरलाल यादव प्रधान अजीतगढ़ मुख्य अतिथि रहे एवं रामोतार यादव तहसील अध्यक्ष ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता डॉ रामकरण यादव द्वारा छात्रावास में अध्ययनरत सभी 52 छात्राओं को ट्रैक सूट मय शूज वितरित किए गये। मुख्य अतिथि शंकर प्रधान व अति विशिष्ट अतिथि शकुंतला यादव जिला अध्यक्ष झुंझुनूं व प्रधान प्रतिनिधि बुहाना द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता के साथ राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, मान्यताओं और गौरवशाली इतिहास को अपने वैभव तक पहुंचाने के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आने वाली युवा शक्ति को अपनी जड़ों से जोड़ना, परंपरा और लोक-संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, संगीत और कला को प्रमुखता तथा युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है।

# 32 बसों से खाटूधाम रवाना होंगे श्याम भक्त

**कोटपूतली।** श्री श्याम परिवार कोटपूतली द्वारा राधा गोविंद प्रभात फेरी के सफल तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल 2026, रविवार को तृतीय वार्षिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके साथ ही मासिक खाटू धाम यात्रा के चार वर्ष पूर्ण होने पर 03 मई 2026 रविवार को खाटूधाम स्थित कोटपूतली वाली धर्मशाला में चतुर्थ वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाएगा। चतुर्थ वार्षिक उत्सव के अवसर पर सभी श्याम भक्त 03 मई को दोपहर 1:15 बजे कृषि उपज मंडी, बानसूर रोड, कोटपूतली से 32 बसों द्वारा खाटू धाम के लिए रवाना होंगे। इस यात्रा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इन आयोजनों की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष राजेश सवाईका के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों को भव्य रूप देने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश सवाईका ने कहा कि प्रभात फेरी सनातन संस्कृति के संरक्षण, धार्मिक जागरण और स्वास्थ्य संवर्धन का श्रेष्ठ माध्यम है। नियमित प्रभात फेरी से समाज में सकारात्मकता, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। बैठक में तृतीय वार्षिक प्रभात फेरी उत्सव तथा चतुर्थ वार्षिक खाटू धाम उत्सव की तैयारियों को लेकर बस व्यवस्था, यात्रा प्रबंधन, धर्मशाला व्यवस्था, स्वागत, प्रसाद वितरण, प्रचार-प्रसार एवं अनुशासन व्यवस्था जैसे विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई।

# प्रदेशभर के निजी हॉस्पिटलों में आज ओपीडी-आईपीडी रह सकती बंद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। निविक हॉस्पिटल के निदेशक की गिरफ्तारी के विरोध में चिकित्सा जगत उतर गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (राजस्थान) ने 14 अप्रैल को सुबह 8 से 15 अप्रेल की सुबह 8 बजे तक निजी अस्पतालों में ओपीडी, आईपीडी सेवाएं बंद रखने का आह्वान किया है।

एसोसिएशन के जोनल सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया- डॉ. सोनदेव बंसल की हुई गिरफ्तारी से राज्य के सभी डॉक्टरों में रोष है। उन्होंने बताया-जिस प्रकरण में उन्हें गिरफ्तार किया है, उसके लिए पहले बने मेडिकल बोर्ड ने किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही सामने नहीं आई है। इसके बावजूद आरजीएचएस से संबंधित कथित लघु अनियमितताओं के आधार पर एक डॉक्टर के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई कर गिरफ्तारी करना अनुचित है।

इस मुद्दे पर आईएमए राजस्थान ने सोमवार को बैठक बुलाई। इसमें राज्य की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों और अन्य चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### शादी समारोह में जा रहे थे शामिल होने

# बोलेरो-बाइक की भिंड़त में तीन की मौत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक सवार तीन जने गांव बाबरपुर से उत्तर प्रदेश क्षेत्र के गांव मनोना जा रहे थे। तभी राजाखेड़ा पिनाहट मार्ग पर खूनी बाबा मंदिर के समीप बाजना मोड़ से आगे बाइक और बोलेरों की आमने-सामने की भंयकर भिंड़त हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार दो महिला एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि तीन मृतक एक ही परिवार ग्राम बाबरपुर के है। घटना स्थल पर मौजूद एकत्रित भीड़ ने 108 पहुंचने पर मृतकों के शव राजाखेड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए है। जानकारी के अनुसार मृतकों में भूदेवी पत्नी भान सिंह उम्र 40 वर्ष, सचिन पुत्र भानसिंह 18 वर्ष व शकुंतला पत्नी छविराम उम्र 50 वर्ष शामिल है।



राजाखेड़ा...दुर्घटनाग्रस्त बाइक व बोलेरा

### निजी विद्यालयों को लेकर जिला कलक्टर सख्त

# जारी निर्देशों की अव्हेलना करने पर निजी विद्यालयों पर होगी कार्यवाही

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** ऐसा संज्ञान में आया है कि जिले के कई निजी शिक्षण संस्थान राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की निरंतर अव्हेलना कर रहे है।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बीटी ने बताया कि निजी शिक्षण संस्थान विशेष रूप से पुस्तकों, यूनिफॉर्म, जूते, टाई एवं अन्य



शिक्षण सामग्री के क्रय के लिए अभिभावकों पर किसी विशिष्ट दुकान या स्वयं विद्यालय से खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि छात्र हित एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समस्त जिला, ब्लॉक स्तरीय एवं ग्राम पंचायत, शहरी संकुल केन्द्र के प्रभारी अधिकारी अपने अधिक क्षेत्र के निजी विद्यालयों का 13 से 15 अप्रैल को अनिवार्य रूप से गहन निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में दुकान निर्धारण, पुस्तकों का चयन, यूनिफॉर्म परिवर्तन एवं शिकायत पेटिका आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सम्बन्धित निजी विद्यालय के विरुद्ध जुर्माना लगाने, एनओसी रद्द करने अथवा मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा तत्काल उच्च स्तर पर भेजी जाएगी।

# गौ माता सुरक्षा एवं सम्मान के लिए 27 अप्रैल को सनातनी और गौ भक्त सौंपेंगे हस्ताक्षरयुक्त पत्र



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गंगाबाई की बगीची में राजस्थान में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें पूर्वी राजस्थान गौ प्रचारक पूज्य सन्त वैष्णव दास महाराज बृंदावन, महन्त हनुमान दास महाराज, जिला गौ प्रचारक राम शर्मा, तहसील गौ प्रचारक चन्द्र प्रताप धाकरे, नरेश कुमार अर्पित पाराशर मंडरायल ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता, जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है, उस गौवंश की घोर उपेक्षा होने से बड़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है। प्रतिदिन अनेकों गौवंश सड़कों, राजमार्गो पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। भारत के आधे से अधिक प्रांतों में गौ वध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गोवंश का कत्लखानों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, नाम मात्र की गौशालाएं हैं जिनमें भी व्यवस्थाएं समुचित नहीं है। अतः अब केंद्र सरकार द्वारा समुचित क़ानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है। जो समूचे देश में एकरूपता से लागू हो ।

महापुरुषों और विशेषज्ञों का मत है कि गौ सेवा, गौ सुरक्षा और गौ सम्मान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 2036 तक भारत गोवंश रहित होकर विकृत हो जाएगा । जिसके फलस्वरूप हम सब का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इस विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए गौ माता के कष्ट की विकराल समस्या के समाधान हेतु संतों और गौ सेवकों की एक विशेष बैठक 6 माह पूर्व वृन्दावन धाम में हुई, जिसमें पत्रक में वर्णित 2 वर्ष के काल खण्ड की वृहद योजना द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए एवं गौ माता के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए, गौ माता के नेतृत्व में अभियान भारत भर के संतों और गो सेवकों द्वारा चलाया जा रहा है, जो पूर्णतया अहिंसक शांतिपूर्ण एवं अनुरोध के साथ रहेगा । यह किसी भी राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के विरुद्ध नहीं है अपितु संविधान के दायरे में रहकर गौमाता के लिए वांछित, सेवा सुरक्षा व सम्मान के लिए है। अतः 27 अप्रेल 2026 को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गौमाता के सानिध्य में सभी सनातनी, गो भक्त हज़ारों की संख्या मे संपूर्ण भारतवर्ष से गौ हत्या बंद करने एवं गौमाता को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये सभी हस्तक्षर करके प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे । इस अवसर पर सुरेन्द्र तिवारी, महेश मिश्रा, अखलेश श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, सुभाष पचौरी, हरिबाबू शर्मा, बृजकिशोर गुप्ता, विमल गिरी,अमन माहौर, पंकज बघेल, रोशन, राज माहौर, अमन प्रजापति, तरुण सोनी, आकर्ष गुप्ता, अरुण त्रिपाठी, संतोष शर्मा, सौरव, सुमित निषाद, दैनिक, यश सोनी, बादल कुशवाह, विवेक शर्मा, सचिन चौहान, डॉ प्रकाश दीप तिवारी, हर्ष शर्मा, रामख्यार सिंह, रौनक गुप्ता व अन्य गौ भक्त उपस्थिति रहे।

# पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार के साथ आरोपी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए डांग इलाके में बाबू मन्दिर के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बसई डांग थाना अधिकारी दुर्ग सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत मुखबिर तंत्र का भी सहयोग लिया जा रहा है। रविवार को दिन में सूचना मिली की बाबू मंदिर के पास एक संदिग्ध देखा गया है। जिस पर अवैध हथियार है। जो किसी वारदात की फिराक में है। ऐसे में थाने के हेड कांस्टेबल भगवानदास, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह, कांस्टेबल नत्थन लाल, प्रदीप भान और गाड़ी चालक बंटी सिंह के साथ मौके पर रवाना हुए। जहां पहुंचकर जब संदिग्ध को टोका तो वह भागने लगा। इस पर पुलिस ने भागते हुए आरोपी को दबोच लिया। जिसके कब्जे से एक देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान देवेंद्र पुत्र बदन सिंह गुर्जर निवासी गांव गडोरा थाना सराय छोला,जिला मुरैना मध्य प्रदेश के रूप में हुई है।

# पत्थर मार्बल मजदूर का एटीएम कार्ड बदलकर 16 हजार ठगी की वारदात

### दूसरे एटीएम से 16 हजार से अधिक की राशि निकाल ले गया शातिर चोर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में एक पत्थर मार्बल मजदूर के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 16,500 की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कंचनपुर थाना क्षेत्र के टोटरी गांव निवासी भूपेंद्र सिंह महाराष्ट्र में मजदूरी करते हैं और हाल ही में घर आए थे। उन्होंने बच्चों के लिए सामान खरीदने और पैसे निकालने के लिए गौरव टावर के पास लगे एसबीआई बैंक के एटीएम का रुख किया। एटीएम के अंदर एक व्यक्ति खड़ा था,जो उनको गार्ड जैसा दिखाई दिया।

भूपेंद्र सिंह ने जब एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश की तो पैसे नहीं निकले। इस दौरान आरोपी उनके पास आया और मदद के बहाने उनके हाथ से एटीएम कार्ड ले लिया। बातों में



बाड़ी... थाने के बाहर खड़ा पीड़ित और उसके परिजन।

उलझाकर आरोपी ने उनका कार्ड बदल दिया और सड़क पर फेंक कर चला गया। भूपेंद्र सिंह को लगा कि वह उनका ही कार्ड है।

ठगी का पता तब चला जब 15 मिनट बाद उनके खाते से दो बार में कुल 16,500 की राशि निकल गई। भूपेंद्र सिंह ने तुरंत अपने भाइयों को गांव से बुलाया। जांच करने पर पता चला कि यह राशि पास के ही पीएनबी बैंक के एटीएम से निकाली गई थी।

पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने कोतवाली थाने में दी अपनी रिपोर्ट में एटीएम और बैंकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी को पकड़ने और अपनी राशि वापस दिलाने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैंकों और एटीएम में नहीं रहते गार्ड, ऐसे में बदमाश कर रहे वारदात

शहर के अधिकांश बैंकों और एटीएम पर गार्ड नहीं रहते हैं। एक दो एटीएम पर गार्ड है भी तो वह इधर-उधर घूमते रहते हैं। ऐसे में बदमाश प्रवृति के लोग आसपास घूमते है जो गार्डों की मुस्तैद निगाह नहीं होने के चलते भोले वाले लोगों पर नजर बनाए रखते है और वारदात को अंजाम दे देते है। उक्त मामले में भी आरोपी ने शातिर तरीके से वारदात को अंजाम दिया है।

# बाबा साहब की जयंती पर बीजेपी का स्वच्छता अभियान



बाड़ी.. सफाई करते बीजेपी कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

### शहर के अंबेडकर पार्क में हुआ जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कार्यक्रम

### पुलिस प्रशासन ने ली जयंती और शोभायात्रा को लेकर समिति के पदाधिकारियों की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) मंडल ने स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान अंबेडकर पार्क में आयोजित किया गया,जहां पार्टी पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को स्वच्छ किया और पूरे प्रांगण की साफ-सफाई की।

इस कार्यक्रम में बीजेपी के जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता और सामाजिक एकता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने की, जबकि चतुर सिंह ने सह-संयोजक की भूमिका निभाई।

सफाई अभियान में स्थानीय कार्यकर्ताओं और अन्य पदाधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, जिला मंत्री उषा जाटव, ओमकार कटारा, सतपाल गुर्जर, संदीप परमार, धनंजय शर्मा, रामकुमार कुशवाहा, नितिन शर्मा, शिप्रा गर्ग, अनीता सिंगल, सतीश प्रजापति और बीएल प्रजापति सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### प्रशासन ने ली अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक

शहर में मंगलवार को आयोजित होने वाली अंबेडकर जयंती को लेकर पुलिस द्वारा कोतवाली थाने में अंबेडकर शोभायात्रा से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ महेंद्र कुमार के साथ कोतवाली एसएचओ देवेंद्र शर्मा ने सभी से शोहर्दपूर्ण रूप से सहयोग के साथ अंबेडकर जयंती का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष जेपी रावत, राकेश अजर, राजवीर कौशल, आरिफ खां, राजवीर जाटव, योगेश पालीवाल, मोहर सिंह, जसवंत सिंह सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बसेड़ी तहसील केन्द्र पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद होने से किसान बेहद परेशान



बसेड़ी..ज्ञापन सौंपते किसान संघ के पदाधिकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** अग्रवाल धर्मशाला बसेड़ी में भारतीय किसान संघ तहसील बसेड़ी की मासिक बैठक कमांडेंट महेश कुमार परमार सम्भाग सुरक्षा प्रमुख की अध्यक्षता एवं नत्थी सिंह परमार प्रांत उपाध्यक्ष के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक का संचालन छोटेलाल तहसील मंत्री द्वारा किया गया।

बैठक में उपस्थित किसान बंधुओं द्वारा बसेड़ी तहसील केंद्र पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद सरकार द्वारा नहीं की जा रही है। जबकि बसेड़ी तहसील में गेहूं की फसल का रकबा लगभग 12000 से 14000 हैक्टे. तक का है। बाड़ी खरीद केंद्र बसेड़ी के दूर दराज ग्रामीण इलाके से अधिक दूर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में किसान बेहद परेशान है। गेहूं की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। अतः बसेड़ी में खरीद केंद्र खुलवाने हेतु जिला कलेक्टर धौलपुर को एक ज्ञापन द्वारा उपखंड अधिकारी बसेड़ी के दिया गया है। इसी तरह जिला मुख्यालय पर भी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केंद्र नहीं है। जबकि वहां पर कृषि उपज मंडी भी है। यह किसानों के साथ अन्याय है। मुख्यालय पर खरीद केंद्र होना आवश्यक है। बसेड़ी एवं धौलपुर दोनों जगह समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केंद्र खोलने से ही किसानों को गेहूं की फसल का सही भाव मिलेगा तभी किसानों को राहत मिलेगी।

इसके साथ-साथ पार्वती मुख्य नहर के पानी सीपेज के कारण नहर के दोनों तरफ दो - दो बीघा फसल नष्ट हो जाती है। बसेड़ी एवं सैंपऊ क्षेत्र के किसानों के लिए यह एक गंभीर समस्या है। इसको पूर्व में भी ज्ञापनों के माध्यम से सरकार के ध्यान में लाया गया है। परंतु इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इन समस्याओं के कारण किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश है। आने वाले समय में इन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ धौलपुर आंदोलन की राह पर चलने के लिए मजबूर हो सकता है।

बैठक में संगठन के कार्य विस्तार हेतु चर्चा की गई। जिसके अंतर्गत आगामी सदस्यता वर्ष में तहसील के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक संयोजक नियुक्त किया जावेगा। जिससे आगामी सदस्यता अभियान वर्ष को प्रभावी बना सके। सभी कार्यकर्ता बंधुओ से यह भी आग्रह किया कि ग्राम समितियों की बैठक एवं तहसीलों की बैठकें भी नियमित हो। बैठक में सुरेंद्र सिंह बाबूपुरा तहसील अध्यक्ष, राधेश्याम सिंह, रामजीलाल सिंह संरक्षक पूंठपुरा, सुरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष जारगा, अमर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिशुपाल सिंह युवा प्रमुख बृजफलपुरा, रामनरेश शर्मा कटैलपुरा, प्रेम सिंह परमार तिमासिया, रामस्वरूप हीरापुर उपस्थित रहे।

# जिला अग्रवाल महासमिति ने समाज में दिया एकजुटता का परिचय



धौलपुर..कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

### मुकेश अग्रोहा को सद्भावना समिति व मुकेश गर्ग को शिक्षा समिति का संयोजक बनाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रविवार को अग्रवाल सदन सरमथुरा में जिलाध्यक्ष दीवान वीरेन्द्र गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय उपमहामन्त्री पूर्वी राज. प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल ने जरूरतमन्द बच्चों के जीवन में सहायता समिति के माध्यम से शिक्षा का उजाला करने की वकालत की। राष्ट्रीय उप महामन्त्री पीसी मंगल व पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रोहा ने सहायता समिति का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जरूरतमन्द बच्चों की बेहतर शिक्षा और गम्भीर बीमारी से जूझ रहे समाज के लोगों की मदद करने के लिए प्रत्येक ईकाई में सहायता समिति का गठन होना अतिआवश्यक है। जिला महामन्त्री ने बताया कि महासमिति द्वारा कक्षा 10 व 12 में उच्च अंक प्राप्त करने पर, उच्चशिक्षा में चयनित होने पर तथा सरकारी कर्मचारी के रूप में चयनित होने पर छात्र-छात्राओं व अग्रबंधुओं को सम्मानित किया जाता है । जिसकी मार्कशीट आदि लेने के लिये 31 अगस्त 26 तिथि निर्धारित की गयी। महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल ने कहा कि जिले में महिला संगठन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदम एक सकारात्मक और परिवर्तनकारी बदलाव के प्रतीक हैं ।

जिला महामन्त्री मंगल ने सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा कर इन्हें समाज के लिए अभिशाप मानते हुए खत्म करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष दीवान वीरेन्द्र गोयल ने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा होने पर कहा कि अग्रवाल समाज ने सेवा, संस्कार व राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाई है। हमारा समाज हमेशा परोपकार के मामलों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। जिला महासमिति ने मुकेश गर्ग को शिक्षा समिति व मुकेश सिंघल अग्रोहा को सद्भावना समिति का संयोजक नियुक्त करते हुए सात दिन में कमेटी गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान अग्रवाल समाज सरमथुरा द्वारा जिला अग्रवाल महासमिति की कार्यकारिणी व सभी इकाइयों के अध्यक्ष व मन्त्रियों



पीसी मंगल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश सिंघल अग्रोहा, महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल, युवा जिलाध्यक्ष अविनाश गर्ग महासमिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल गोयल तथा स्थानीय इकाई के अध्यक्ष संजय अग्रवाल को मंचासीन कराया गया । बैठक का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जलित कर किया गया ।

जिला महामन्त्री महेशचन्द मंगल ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए बताया कि पिछली बैठक में सहायता समिति के मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हुआ था। अतः इस पर सार्थक चर्चा करने के लिये अपने विचार रखे। जिला उपाध्यक्ष सुनील गर्ग ने कहा कि आदर्श समाज वही है जहां हर व्यक्ति शिक्षित, स्वस्थ और खुशहाल हो। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का शाल व पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद मित्तल, कैलाशचन्द गोयल, संजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग बागथरिया, सतीश सिंघल, हरिओम मित्तल, मुकेशचन्द गर्ग, उत्तमचन्द गोयल, डॉ प्रखर मंगल, नेमीचन्द अग्रवाल, दिनेशचन्द गर्ग, राजीव सिंघल, ओमप्रकाश गोयल धीमरी वाले, रवि सिंघल, विष्णु सिंघल, भगवानलाल गर्ग, गिर्राज मित्तल, गिर्राज पदमपुरिया, शैलेन्द्र अग्रवाल, विष्णु मासलपुरिया, मुकेश गोयल, डॉ निरमा सिंघल, नरेश बंसल, विनोद कुमार, केके अग्रवाल, सुनील गर्ग, पूर्व सरपंच गौरीशंकर अग्रवाल, कुंजीलाल गर्ग सहित कार्यकारिणी के सदस्य तथा अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिला स्थापना दिवस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 15 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि 15 अप्रैल को धौलपुर जिला स्थापना दिवस को हर्षोल्लास से मनाए जाने के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्थापना कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को प्रभारी अधिकारी तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद को सहप्रभारी नियुक्त किया है।

उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे कचहरी प्रांगण से कलेक्ट्रेट प्रांगण तक प्रभात फेरी निकलेगी, जिसके प्रभारी संयोजक आयुक्त नगर परिषद, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरी में आम नागरिक, जनप्रतिनिधियों के साथ साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, विद्यालय के छात्र छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स, बीएड कॉलेज के विद्यार्थी, एएनएम, जीएनएम के प्रशिक्षणार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कृषि पर्यवेक्षक, सफाई कर्मचारी, आरएसी पुलिस लाइन के जवान, होमगार्ड के जवान आदि भाग लेंगे। प्रभात फेरी के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, कानून व सुचारू यातायात की व्यवस्था पुलिस विभाग के द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 एवं 15 अप्रैल को सरकारी कार्यालय, भवन, ऐतिहासिक इमारतों आदि पर रोशनी व सफाई को व्यवस्था की जाएगी। जिसके आयुक्त नगर परिषद प्रभारी संयोजक होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।